seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

रविवार परिवार
पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 311 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, रविवार, 15 नवम्बर, 2026 seema-sandesh.com





मीडिआ सबको सुधारेगा, लेकिन इसे कौन ...?

मंथन

यह धारणा कदाचित मानव के क्रमिक विकास (इवोल्यूशन) के साथ ही बन गई होगी कि कोई भी व्यक्ति अपनी जुबान से चाहे तो अनेक लोगों का दिल जीत सकता है या उनकी नज़रों में अपने आपको गिरा सकता है। विगत कुछ दशकों के दौरान देश के मीडिआ वाले किसी भी टुच्चे-पुच्चे व्यक्ति को अनावश्यक महत्त्व दे देते हैं, जबकि समाज के लिए गुपचुप सेवा करने वाले लोगों का कहीं ज़िक्र तक नहीं होता है। यह भी पुरानी मान्यता है कि किसी भी व्यक्ति या समाज को वही मिलता है, जिसका वह पात्र है। हमारे मीडिआ में कुछ दशकों से समाचारों/वार्ताओं या सामूहिक विमर्श को दिखाने-सुनाने के मानदंड ही बदल गए हैं। वे इनमें संजीदगी या समाजोपयोगिता को नहीं परोसते, अपितु अपुष्ट और अकसर अप्रामाणिक खबरों आदि को अधिक पहल देते हैं। जो लोग टीवी चैनलों या अन्य माध्यमों से देशभर की खबरों को देखते या सुनते हैं वे एक लम्बे अरसे तक इन्हें प्रामाणिक मानते रहे हैं। इसके विपरीत अब स्थितियां बदल गई हैं। एक ही समय पर आप इन अलग-अलग न्यूज चैनलों को देखेंगे-सुनेंगे तो आपको समझ आ जाएगा कि वे अपने-अपने स्तर पर खबरों के महत्त्व को आंकते हैं।

निश्चय ही इन सबके पीछे कारण संदिग्ध होते हैं। कुछ न्यूज चैनलों का किसी राजनीतिक या सामाजिक या आर्थिक/धार्मिक संगठन से लगाव होता है या उन्हें वहां से लाभ मिलता है तो वे ऐसी-ऐसी खबरों को महत्त्व देते हैं, जिनका आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। आप तमाम पाठकों से यह बात छिपी हुई नहीं है कि आज का मीडिआ (इलेक्ट्रोनिक या प्रिंटिंग) अपने-अपने एजेंडा के तहत संचालित होते हैं। भारत में जहां आकाशवाणी आजादी से पहले ही (किसी अन्य नाम से) कार्यरत थी। वहीं, टीवी प्रसारण 1959 में शुरू हुआ। तब के शासन चलाने वाले कर्णधारों का यह दावा था कि वे देश की जनता को साक्षरता/शिक्षा से लाभान्वित करने के लिए ऐसे मीडिआ को आरंभ कर रहे हैं। प्रामाणिक रूप से बताने वाला आज कोई व्यक्ति नहीं है कि उन आरंभिक वर्षों के दौरान दूरदर्शन या आकाशवाणी ने अपनी भूमिका कैसे अदा की। बहरहाल आज की तारीख में जहां सैंकड़ों टीवी चैनल समाचार दिखाने-सुनाने का काम कर रहे हैं तो यह धारणा तो पूरी तरह समाप्त हो गई है कि वे अपना कोई पावन उद्देश्य/लक्ष्य को प्राप्त करने में लगे हैं।

आज तो स्थिति यह बन गई है कि इन मीडिआ के द्वारा दिखाई गई खबरों या अन्य कार्यक्रमों की प्रामाणिकता दिनोंदिन संदिग्ध बन रही है। इनकी प्रामाणिकता का हाल तो यह है कि किसी भी राजनीतिक, सामाजिक या धार्मिक कार्यक्रम में जनता की उपस्थिति पर वे अलग-अलग आंकड़ा पेश करते हैं। यदि किसी पार्टी या संगठन ने उन्हें 'पालतू' बना रखा है तो वे उनकी सेवा पूरे दिल से करते हैं तथा अन्य कोई कार्यक्रम कितना भी सार्थक या सफल हो तो मीडिआ वालों का उस तरफ ध्यान ही नहीं जाता। बहुत पहले एक प्रसिद्ध व्यंग्य लेखक ने टिप्पणी की थी - 'किसी भी एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की संख्या मीडिआ वाले अलग-अलग इसलिए बताते हैं क्योंकि उनका गणक यंत्र अलग-अलग कम्पनियों से बना होता है।' जहां तक प्रिंट मीडिआ का सवाल है तो उनकी प्रामाणिकता भी आम जनता के बीच में धूल-धूसरित हो चुकी है। सर्वप्रथम तो ये अलग-अलग विचारधाराओं या अन्य कारणों से समाचार प्रदर्शन की प्राथमिकता वास्तविकता के आधार पर तय न कर अपनी 'सम्बद्धता' से संचालित करते हैं।

किसी मीडिआ को दक्षिण पंथी और हिंदुत्ववादी बताया जाता है तो किसी को वामपंथ का पोषक। अब सवाल यह उठता है कि कोई भी मीडिआ किसी विचारधारा या संगठन/संस्था के प्रति जवाबदेह होना चाहिए या अपने पाठकों/श्रोताओं/दर्शकों के प्रति? देश का कोई भी नागरिक जब किसी समाचार माध्यम (मीडिआ) को देखता/सुनता है तो उसके मन में यह धारणा होती है कि उसे सही समाचार/अन्य सामग्री पेश की जाएगी। ऐसे मीडिआ के प्रति उसका विश्वास तब चूर-चूर हो जाता है जब उसे लगता है कि वह मीडिआ विशेष सच्चाई या वास्तविकता को नहीं, अपितु अपने एजेंडा को ज्यादा महत्त्व देता है। यह बात अलग है कि प्रामाणिकता के अभाव में ऐसे मीडिआ या तो लुप्त हो जाते हैं या उनकी साख धीरे-धीरे मिट जाती है। दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत का मीडिआ आज भी अधिक प्रामाणिक और शुद्ध है। अपवाद हर जगह होते हैं।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस देश की आबादी 140 करोड़ से अधिक है। इसमें से बहुत बड़ी संख्या के लोग आज भी तरह-तरह के अभावों, शोषण, अन्याय/प्रताड़ना आदि से पीड़ित हैं। बेशक़ मीडिआ इन वर्गों के प्रति न्याय नहीं कर पाया है। मीडिआ के लोगों से जब आम आदमी या किसी संगठन विशेष द्वारा उनके काम के प्रति टोका-टाकी की जाती है तो वे स्पष्ट बताते हैं कि उनके हाथ बंधे हुए हैं। वे भी अन्य संस्थानों की तरह एक एजेंडा विशेष पर काम करते हैं। देश की जनता जिन विसंगतियों और विरोधाभासों को झेलती हुई नाना प्रकार के दुःख, तकलीफों और शोषण से पीड़ित है - देश का मीडिआ अकसर इन मुद्दों की तरफ से आंख मूंदे रखता है। क्यों? क्योंकि इसके लिए उन्हें या तो लालच दिया जाता है या देख लेने की धमकी। ऐसे में यही कहा जाता सकता है कि यदि उन्हें इन्हीं दो 'पायों' पर ही टिके रहना है तो वे गुड़-चीनी, आटा, तेल आदि का व्यापार करें - मीडिआ जैसे संवेदनशील क्षेत्र से अपने आपको अलग कर लें। हर किसी व्यक्ति/संगठन/संस्था में सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। भारतीय मीडिआ से भी देशवासी अपेक्षा रखते हैं कि वे अपनी कमजोरियों और मजबूरियों का बहाना न बनाएं। वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपनी वांछित भूमिका (जनहित के प्रति जवाबदेह) को पूरी प्रामाणिकता और ईमानदारी से निभाएं।

चावल घोटाले में 30 दोषियों को सजा 14 अफसर, 16 मिल मालिक शामिल

2004-05 के घटिया चावल को 'ग्रेड-ए' बताकर भुगतान कराने का मामला, सीबीआई अदालत ने सुनाया एक से तीन साल तक का कारावास

मोहाली। पंजाब के 2004-05 चावल खरीद घोटाले में सीबीआई की मोहाली स्थित विशेष अदालत ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के 14 अधिकारियों और 16 निजी चावल मिल मालिकों समेत कुल 30 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों को भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का दोषी माना, जबकि एफसीआई अधिकारियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी दोषी पाया गया। दोषियों को एक से तीन साल तक के कठोर कारावास और जुमार्ने की सजा दी गई है।

■ सीबीआई जांच में ऐसे हुआ खुलासा

सीबीआई ने सितंबर 2005 में संयुक्त औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं का पता लगाया था। चावल के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में पाया गया कि कई खेप निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरती थीं। इसके बाद सीबीआई ने 7 जनवरी 2006 को मामला दर्ज किया और जांच पूरी कर 28 नवंबर 2008 को तीन अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल किए।

क्या था पूरा मामला



यह मामला खरीफ सीजन 2004-05 के दौरान पंजाब के संगरूर जिले के मालेरकोटला, सुनाम और तपा स्थित एफसीआई केंद्रों से जुड़ा है। आरोप था कि एफसीआई अधिकारियों और निजी चावल मिल मालिकों ने मिलीभगत कर खराब गुणवत्ता वाले चावल को 'ग्रेड-ए' चावल के रूप में स्वीकार कर लिया। इससे मिल मालिकों को अनुचित भुगतान हुआ और एफसीआई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

■ तीनों केंद्रों में अलग-अलग सजा

मालेरकोटला केंद्र मामले में 10 आरोपियों को दोषी ठहराया गया, जिनमें पांच एफसीआई अधिकारी और पांच मिल मालिक शामिल हैं। कई अधिकारियों को दो साल की सजा और 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया, जबकि कुछ मिल मालिकों को तीन साल कारावास की सजा मिली। सुनाम केंद्र मामले में छह आरोपियों को दोषी करार दिया गया। वहीं, तपा केंद्र मामले में 14 आरोपियों को सजा सुनाई गई, जिनमें छह एफसीआई अधिकारी और आठ निजी व्यक्ति शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, यह फैसला सरकारी खरीद प्रणाली में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश है।

भारत की अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को हराकर

एशिया कप जीता



भारतीय टीम ने शनिवार को इतिहास रचते हुए एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार यह ट्रॉफी जीती। 338 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने 49.6 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। *(विस्तृत समाचार पेज 7 पर पढ़ें)*

प्रधानमंत्री मोदी ने जीत पर जताई खुशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय टीम की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों की सराहना की। उन्होंने लिखा, 'भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार दिन! आज के प्रभावशाली प्रदर्शन और पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2026 जीतने पर हमारी युवा क्रिकेट टीम पर बेहद गर्व है। उनकी सफलता कई युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। टीम को आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

पंचायती राज विभाग में खुल सकती है नई भर्ती की राह

वीडीओ, कनिष्ठ सहायक, वाहन चालक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों का होगा आकलन

भर्ती एजेंसियों को भेजी जा सकती है अभ्यर्थना



जयपुर। राजस्थान में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। पंचायती राज संस्थाओं में आने वाले समय में नई सीधी भर्तियों का रास्ता खुल सकता है। राज्य सरकार ने इसकी प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्मिक विभाग के निर्देशों के बाद ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रदेश की सभी जिला परिषदों से 31 मार्च 2028 तक रिक्त होने वाले पदों का विस्तृत ब्योरा मांगा है। विभाग ने सभी जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को पत्र जारी कर निर्धारित प्रारूप में पदवार जानकारी जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस प्रक्रिया के तहत ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ), कनिष्ठ सहायक, वाहन चालक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सहित विभिन्न संवर्गों के पदों की स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

■ भर्ती योग्य पदों का तैयार होगा खाका

विभाग वर्तमान रिक्त पदों के साथ-साथ 31 मार्च 2028 तक सेवानिवृत्ति, पद रिक्त होने या अन्य कारणों से खाली होने वाले पदों का भी आकलन करेगा। इससे पंचायती राज संस्थाओं में कर्मचारियों की आवश्यकता और आगामी भर्ती की योजना तैयार करने में मदद मिलेगी।

■ चल रही भर्तियां नहीं होंगी शामिल

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पहले से जारी है या जिनकी विज्ञप्ति और अधिसूचना जारी हो चुकी है, उन्हें इस आंकड़े में शामिल नहीं किया जाएगा। केवल उन पदों का विवरण तैयार किया जाएगा।

जोधपुर में 'मरु निनाद' गूंजा संघ का घोष



जोधपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिकारपुरा में आयोजित 'मरु निनाद' घोष शिविर के तहत शनिवार को घोष पथ संचलन निकाला गया। संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की मौजूदगी में हुए इस आयोजन में 2 हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवक विभिन्न वाद्य यंत्रों की सुर-ताल के साथ कदमताल करते नजर आए। पथ संचलन के दौरान जालोरी गेट पर डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। रविवार को शिकारपुरा स्थित राजाराम आश्रम में 'मरु निनाद' घोष शिविर का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें जोधपुर प्रांत के 21 संगठनात्मक जिलों से आए 2 हजार से अधिक घोष वादक सामूहिक वादन करेंगे। शाम 4 बजे डॉ. मोहन भागवत सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

जनगणना 2027 के कार्यों के चलते बदला परीक्षा कार्यक्रम

राजस्थान बोर्ड 10वीं और 12वीं कक्षा की फरवरी में होने वाली परीक्षाएं टलीं

नई तारीखों का अभी नहीं हुआ ऐलान

अजमेर।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर ने वर्ष 2027 की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के कार्यक्रम में बदलाव किया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं अब पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार फरवरी 2027 में आयोजित नहीं होंगी। यह निर्णय आगामी जनगणना कार्यों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। राजस्थान बोर्ड ने 14 नवंबर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की जानकारी साझा की। बोर्ड ने बताया कि जनगणना 2027 के कारण परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया जा रहा है। हालांकि, नई परीक्षा तिथियों की घोषणा अभी नहीं की गई है। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव प्रशासनिक आवश्यकताओं के कारण किया गया है। जनगणना जैसे बड़े राष्ट्रीय कार्य में शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, इसलिए परीक्षा आयोजन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नया कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।



■ पहले 16 फरवरी से शुरू होनी थीं परीक्षाएं

इससे पहले राजस्थान बोर्ड ने 7 नवंबर को कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू करने की घोषणा की थी। साथ ही परीक्षा समय में भी बदलाव किया गया था। नई व्यवस्था के अनुसार परीक्षा का समय सुबह 8:30 बजे के स्थान पर सुबह 10:30 बजे निर्धारित किया गया था। अब संशोधित कार्यक्रम जारी होने के बाद ही परीक्षा की नई तारीखें स्पष्ट हो पाएंगी। बोर्ड की ओर से जल्द ही विषयवार टाइम टेबल जारी किए जाने की संभावना है।

■ राजस्थान बोर्ड ने कहा- छात्र तैयारी जारी रखें

राजस्थान बोर्ड ने विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव से चिंतित न हों और अपनी तैयारी पहले की तरह जारी रखें। नई तिथि जारी होने तक छात्र अपनी अध्ययन योजना के अनुसार पढ़ाई करते रहें। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे राजस्थान बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और अपने विद्यालयों से मिलने वाली सूचनाओं पर लगातार नजर रखें। नए टाइम टेबल में विषयवार परीक्षा तिथियों के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

अब उठ रहा बड़ा सवाल; बॉर्डर पर लगाए होर्डिंग- 'यहां कोई चैकपोस्ट नहीं', परिवहन विभाग से पूछा जा रहा सवाल-अगर चैकपोस्ट नहीं थी तो किसके संरक्षण में चल रहा था नेटवर्क?

बंद चैकपोस्ट पर तीन साल तक वसूली का खेल

जयपुर।

राजस्थान की सीमाओं पर कथित अवैध चैकपोस्ट के जरिए चल रही वसूली के आरोपों के बीच परिवहन विभाग ने अब इन स्थानों पर होर्डिंग लगवाकर वाहन चालकों को सतर्क करना शुरू किया है। होर्डिंग पर साफ लिखा गया है कि यहां परिवहन विभाग की कोई चैकपोस्ट नहीं है और चालक अपने वाहन नहीं रोकें। विभाग का दावा है कि यह कदम भ्रष्टाचार रोकने और वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए उठाया गया है, लेकिन इसी फैसले ने विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि चैकपोस्ट बंद थीं तो इतने लंबे समय तक कथित वसूली किसके भरोसे चलती रही और इसकी जवाबदेही किसकी तय होगी?

तीन साल तक चलता रहा कथित वसूली का खेल : राजस्थान में बॉर्डर चैकपोस्ट वर्ष 2022 में बंद कर दी गई थीं। इसके बाद भी आरोप हैं कि कई सीमावर्ती क्षेत्रों में



परिवहन विभाग के उड़नदस्तों ने अनौपचारिक चैकिंग प्वाइंट बना लिए थे। यहां राजस्थान में प्रवेश करने वाले वाहनों से कथित रूप से 100 से 500 रुपये तक की वसूली की जाती थी। अनुमान के अनुसार, आधा दर्जन से अधिक ऐसे स्थानों से रोजाना करीब चार हजार वाहन गुजरते थे। इस हिसाब से प्रतिदिन करीब 20 लाख रुपये और तीन साल में लगभग 200 करोड़ रुपये की अवैध वसूली का अनुमान लगाया जा रहा है।

बिना संरक्षण के कैसे चलता रहा नेटवर्क? : पहले सीमावर्ती जिलों में परिवहन विभाग की चैकपोस्ट होती थीं, जहां वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जाती थी। बाद में व्यवस्था ऑनलाइन होने के बाद कर संग्रहण केंद्र भी बंद कर दिए गए। इसके बावजूद बॉर्डर क्षेत्रों में कथित अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती रहीं।

सीमावर्ती क्षेत्रों में आई शिकायतें

धौलपुर, डूंगरपुर के रतनपुर, हरियाणा सीमा के शाहजहांपुर, सिरोही के मावल और मंडार, जालोर के सांचौर तथा चित्तौड़गढ़ सीमा क्षेत्रों में ऐसी शिकायतें सामने आती रही हैं। इन स्थानों पर तैनाती को लेकर निरीक्षकों में प्रतिस्पर्धा की चर्चाएं भी रही हैं।

कार्रवाई की जा रही है : विभाग

परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि विभाग की कोई चैकपोस्ट नहीं है और ये पहले ही बंद की जा चुकी हैं। कुछ निरीक्षकों के खिलाफ शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की गई है। अब होर्डिंग लगाकर ट्रक चालकों और ऑपरेटरों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अवैध रूप से वाहन रोकने वालों से सतर्क रहें।

पंचायतीराज चुनाव का चौथा चरण पूरा, 70.95% मतदान

जयपुर। राजस्थान में पंचायतीराज चुनाव के चौथे और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार शाम 6 बजे तक 70.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि अंतिम मतदान प्रतिशत बाद में जारी होगा। इस चरण में 25 जिलों की 116 पंचायत समितियों और जैसलमेर जिला परिषद के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक मतदान बांसवाड़ा जिले की छोटी पंचायत समिति में 89.02 प्रतिशत रहा, जबकि ब्यावर जिले की मसूदा पंचायत समिति में सबसे कम 54.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं में स्थानीय प्रतिनिधियों को चुनने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।



चौथे चरण में जिला परिषद के 382 वार्डों के लिए 1,322 प्रत्याशी और 116 पंचायत समितियों के 2,142 वार्डों के लिए 7,521 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। मतदान के साथ ही जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की नजरें 20 नवंबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि अब 16 नवंबर को सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान होगा।

100 करोड़ के घोटाले में दो नेता गिरफ्तार


कोलकाता। टॉलीगंज स्थित निजी शिक्षण संस्थान में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में माकपा से निष्कासित दो पूर्व नेताओं गौतम बंदोपाध्याय और पार्थ प्रतिम दास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों माकपा की कोलकाता जिला इकाई के पूर्व पदाधिकारी रह चुके हैं। भाजपा विधायक पापिया अधिकारी ने विधानसभा में संस्थान में करीब 100 करोड़ रुपये की अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। आरोप है कि दोनों नेता कॉलेज प्रबंधन समिति से जुड़े थे। माकपा ने भी जून 2023 में जांच के बाद दोनों को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

मिर्जेवाला: पंचायतीराज चुनाव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर किया मतदान, कई क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला

पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के चौथे चरण के तहत श्रीगंगानगर पंचायत समिति क्षेत्र में शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कोनी, दौलतपुरा, मिजेर्वाला, 11 क्यू बख्ताना, मटीलीराठान, संगतपुरा और 3सी छोटी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा।

सुबह 7:15 बजे मतदान शुरू हुआ। शुरूआती घंटों में मतदान की गति धीमी रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी। दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया। शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई।



कोनी में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान

पंचायत समिति श्रीगंगानगर उत्तर क्षेत्र के कोनी, रोहिड़ावाली और दौलतपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी मतदान भागीदारी रही। कोनी के वार्ड संख्या 3 और 4 में क्रमशः 80.78 और 80.73 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं एक अन्य निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 82.36 प्रतिशत मतदान हुआ।

बूथ संख्या 5 पर सबसे अधिक मतदान

ग्राम पंचायत मिजेर्वाला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदान अधिकारियों लखविंदर सिंह और राजेश दर्जी की देखरेख में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। यहां बूथ संख्या 5 पर सर्वाधिक 740 तथा बूथ संख्या 1 पर 722 मतदाताओं ने मतदान किया।

बख्ताना में भी मतदाताओं में दिखा उत्साह

ग्राम पंचायत 11 क्यू बख्ताना में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए तीन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान अधिकारी काशीराम मैंदड़ के निर्देशन में बूथ संख्या 7, 9 और 12 पर क्रमशः 451, 630 और 703 वोट डाले गए। प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था और मतदान दलों की मुस्तैदी के बीच पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदान समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है। अब 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाली मतगणना का प्रत्याशियों और ग्रामीणों को इंतजार है।

राजकीय कन्या महाविद्यालय की रेंजर्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

चौ.बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की रेंजर्स ने नवंबर माह में आयोजित दो विभिन्न आयोजनों में सेवा और अनुशासन का परिचय दिया। 7 से 14 नवंबर तक संगठन को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाए गए फ्लैग स्टीकर बिक्री अभियान में रेंजर्स ने प्राचार्या प्रो. पूनम सेतिया, संकाय सदस्यों व शहरवासियों के सहयोग से राशि एकत्रित की, जिसमें मनीषा पुत्री भंवरलाल, जीवाशु, रजनी और हरमीत ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा 1 से 5 नवंबर तक नेशनल यूथ कम्प्लेक्स, पलवल (हरियाणा) में ह्यविकसित युवा : विकसित भारतह्ल थीम पर आयोजित डायमंड जुबली राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर से लौटीं रेंजर्स भावना और जीवाशु को प्राचार्या ने सम्मानित किया। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करते हैं।

एएसजी आई हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। एएसजी इंडिया ओकुलस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से यहां 5 ए 9 मीरा मार्ग, जवाहरनगर में एएसजी आई हॉस्पिटल की स्थापना की गई है। इस संस्थान में नेत्र चिकित्सा की विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डॉ. मयंक शर्मा व डॉ. नितिन कल्ला ने बताया कि यहां नेत्र जांच के आधुनिक उपकरणों के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इस संस्थान का उद्घाटन रविवार, 15 नवम्बर को प्रातः 10 बजे विधायक जयदीप बिहाणी व नगर परिषद सभापति अजय लक्की दावड़ा करेंगे।

गुलाबी रंग में सजा नेतेवाला का आदर्श मतदान केंद्र, मतदाताओं के स्वागत के लिए तैयारियां पूरी

सीमा सन्देश # नेतेवाला

जिला कलेक्टर अमित यादव, जिला परिषद श्रीगंगानगर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक जैन एवं नवगठित पंचायत समिति श्रीगंगानगर दक्षिण की निर्वाचन अधिकारी श्रीमती आराधना जैन के दिशा-निर्देशानुसार चौथे चरण में 14 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर ग्राम पंचायत नेतेवाला में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय नेतेवाला में एक आकर्षक आदर्श मतदान केंद्र तैयार किया गया है, जिसे गुलाबी रंग से बेहद खूबसूरती के साथ सजाया गया है।

ग्राम विकास अधिकारी प्रियव्रत गाट ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत नेतेवाला में दो विद्यालयों में मतदान की व्यवस्था की गई है। महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां मतदाताओं की सुविधा एवं स्वागत



को ध्यान में रखते हुए विशेष सजावट की गई है। आदर्श मतदान केंद्र पर कुल तीन बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बूथ संख्या 65 पर वार्ड संख्या 1, 2 एवं 15 के मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार बूथ संख्या 66 पर वार्ड संख्या 3, 4 एवं 5 तथा बूथ संख्या 67 पर वार्ड संख्या 6, 7 एवं 14 के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नेतेवाला में बूथ संख्या 68 एवं 69 बनाए गए हैं। बूथ संख्या 68 पर वार्ड संख्या 8, 9 एवं 10 तथा बूथ संख्या 69 पर वार्ड संख्या 11, 12 एवं 13 के मतदाता मतदान करेंगे। ग्राम विकास अधिकारी प्रियव्रत गाट ने बताया कि पिछले 7 वर्षों में जब भी चुनाव हुआ उस दौरान नेतेवाला में मतदान केंद्र को इसी तरह कभी ग्रीन मतदान केंद्र तो गुलाबी मतदान केंद्र के रूप में सजाया जाता है जिला कलेक्टर अमित यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक जैन, निर्वाचन अधिकारी आराधना जैन, ग्राम विकास अधिकारी प्रियव्रत गाट एवं चूनावढ़ थाना प्रभारी संजय सिंह राठौड़ ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न करवाने में सहयोग करने की अपील की है।

अनूपगढ़ : पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए मतदान



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण के तहत शनिवार को अनूपगढ़ पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य पदों के लिए मतदान हुआ। पंचायत समिति के 21 जोन और जिला परिषद के चार जोन में बनाए गए 140 मतदान केंद्रों पर ईवीएम के माध्यम से वोट डाले गए। उपखंड प्रशासन की ओर से जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में कुल 1 लाख 16 हजार 304 मतदाताओं में से 79 हजार 286 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कुल 68.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान क्षेत्र के अधिकांश मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। अनूपगढ़ पंचायत समिति के 21 जोन में सदस्य पदों के लिए कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस के 21-21, माकपा के 17 और निर्दलीय 21 प्रत्याशी शामिल हैं। मतदान के बाद अब सभी प्रत्याशियों की नजर 20 नवंबर को होने वाली मतगणना पर रहेगी।

प्रिंस एजुहब में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



सीमा सन्देश # सीकर

सीकर स्थित प्रिंस एजुहब की विभिन्न संस्थाओं में बाल दिवस (चिल्ड्रन्स डे) उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पालवास रोड स्थित प्रिंस स्कूल में इस अवसर पर फैंटास्टिक फिएस्टा का आयोजन किया गया। क्रिएटिविटी एंड फन फेयर का शुभारंभ निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल विकास केडिया एवं सीमा राजपुरोहित ने किया। कैंपस में फूड, गेम्स और क्रिएटिविटी जोन बनाए गए, जहां विद्यार्थियों ने फ्रूट कॉकटेल, भेलपुरी, सैंडविच, जूस आदि तैयार कर आनंद लिया। वहीं बुल मास्टर, रिंग द हॉर्न्स, कार्ड क्रैश, पिंग पोंग बॉल और कार डाइस रेस जैसे खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक एवं रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी एवं लोटस वैली प्री-फाउंडेशन में भी बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं, फन एक्टिविटीज, नृत्य, गायन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान शिक्षकों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर सीखने, प्रतिभा निखारने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में प्रिंसिपल पूनम चौहान, रेणुका पूनियां, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, प्री-फाउंडेशन हेड जयपाल सिंह राठौड़, कोऑर्डिनेटर्स, फैकल्टी सदस्य और हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आज व्रती महिला-पुरूष अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगे, नहरों किनारे पूजा-अर्चना हेतु सजे घाट


लोक आस्था छठ महोत्सव : खरना अनुष्ठान के साथ ही कठिन व्रत शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पूर्वांचलवासियों के प्रमुख त्योहार छठ पर्व को लेकर आज व्रती महिला-पुरूषों ने महोत्सव के दूसरे दिन खरना अनुष्ठान किया गया। घरों में छठी मईया की पूजा अर्चना कर शाम को गुड़ की खीर का प्रसाद तैयार किया गया। व्रती महिलाओं ने पूजा आदि कर घरों में पूरी शुचिता व शुद्धता के साथ यह प्रसाद ग्रहण किया गया। पारम्परिक रूप से छठी मईया के गीतों का गायन कर अपनी मन्नतें मांगी। पुरानी आबादी निवासी उमेश दास ने बताया कि शाम को व्रती महिला पुरूष गुड़ से बनी खीर का प्रसाद स्वयं भी ग्रहण करते हैं और इसका वितरण भी किया जाता है। इस प्रसाद के ग्रहण करने के बाद निर्जल व्रत शुरू हो जाता है। अब कल यानि रविवार को पूरे दिन व रात्रि को निर्जला व्रत किया जाएगा। शाम को पारम्परिक रूप से पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ पूरी पूजन सामग्री लेकर घरों से नदी, तालाब या नहरों







के किनारे घाटों पर जाएंगे। वहां पूर्ण विधिवत रूप से अस्त होते सूर्यनारायण भगवान को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद अगले दिन सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगे।*बाजार में पूजन सामग्री हुई खरीद*बिहार, यूपी व पूर्वांचल के परिवारों ने बाजार में व्रत में प्रयुक्त होने वाली खूब सामग्री की खरीददारी की। पूरानी आबादी सब्जी मण्डी में पूजन सामग्री में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के फल, बांस की टोकरियां, पूजन व अर्घ्य में काम आने वाली अन्य सामग्री की अनेक अस्थाई दुकानें सजी, जहां बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों ने जमकर खरीददारी की। *नहरों के किनारों पर घाट सजे, *छठ पर्व पर होने वाली विशेष पूजा अर्चना के लिए आज श्रीकरणपुर रोड स्थित जैड माइनर, तीन पुली व ए-माईनर आदि नहरों के किनारों पर व्यवस्थाएं की गई। इसमें नहरों के किनारों पर साफ-सफाई के साथ-साथ नहरों में उतरने के लिए अस्थाई व्यवस्थाएं की गई। मिथिला सेवा समिति व मिथिला डाला छठ पूजा सेवा समिति, श्री सूर्य छठ पूजा सेवा समिति, गंगा मैया सेवा समिति सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों के द्वारा नहरों के घाटों पर छठ महोत्सव को लेकर जागरण, लंगर, भण्डारे आदि का आयोजन भी किया जाएगा। इन संगठनों के द्वारा छठी मईया के विधिवत पूजन के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु टैंट आदि की भी व्यवस्थाएं की गई। मिथिला सेवा समिति व मिथिला डाला छठ पूजा सेवा समिति के संयुक्त अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि घाटों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के रोशनी आदि की भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। साहू ने बताया कि रविवार को दोपहर दो बजे से तीन पुली नहर पर समिति की ओर से लंगर लगाया जाएगा। साथ ही रात्रि को सवा नौ बजे से माता का जागरण आयोजित होगा।

रेलवे के व्यापक इंतजामों के बावजूद यात्रियों की भारी भीड़, लम्बी दूरी की ट्रेनों में सामान व टिकट की मारामारी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

लोक आस्था के महान पर्व छठ और दीपावली के इस फेस्टिव सीजन के दौरान बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों का रेला थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्रीगंगानगर समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पूर्वांचल की ओर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए, बावजूद इसके ट्रेनों में तिल रखने की भी जगह नहीं बची। स्थिति यह रही कि लंबी दूरी की गाड़ियों में आरक्षित सीटों के साथ-साथ सामान की बुकिंग करवाने में भी यात्रियों को भारी पसीना बहाना पड़ा। दिवाली से लेकर छठ पर्व तक चले इस विशेष सीजन में यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए रेलवे ने देश भर में बड़े पैमाने पर स्पेशल ट्रेनें चलाईं।



श्रीगंगानगर से भी बिहार के समस्तीपुर के लिए विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 04731/04732) का संचालन किया गया, जिसने अक्टूबर और नवंबर के दौरान कई फेरे लगाकर यात्रियों को राहत देने का प्रयास किया। इसके अलावा देश भर में आवश्यकतानुसार ऑन डिमांड ट्रेनों का भी संचालन किया गया, ताकि यात्रियों का सफर आसान हो सके। भले ही रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए 24 घंटे सक्रिय वार रूम, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और अतिरिक्त आरपीएफ बल की तैनाती की हो, लेकिन यात्रियों के भारी सैलाब के आगे व्यवस्थाएं कम पड़ती नजर आईं।

सामान की बुकिंग में परेशानी: लंबी दूरी की गाड़ियों में भारी भीड़ और पार्सल तथा लगेज वाहनों में क्षमता से अधिक लोड होने के कारण यात्रियों को अपने जरूरी सामान और लगेज की बुकिंग कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई जगहों पर पार्सल कार्यालयों में लंबी कतारें देखने को मिलीं। ट्रेनों के स्लीपर और सामान्य (अनारक्षित) कोचों में स्थिति यह थी कि यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल पाई। कई यात्री मजबूरी में शौचालय के पास या दरवाजों पर लटककर सफर करने को विवश हुए। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए उत्तर पश्चिम सहित देश के विभिन्न जोन्स ने पूरी ताकत झोंक दी थी। व्यस्त स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया और चरणबद्ध तरीके से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश की व्यवस्था लागू की गई।

सूरतगढ़ में मिशन हरित वार्ड अभियान, वार्ड को हरा-भरा बनाने की अनूठी पहल

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। वार्ड नं. 2 को हरा-भरा व स्वच्छ बनाने की दिशा में पार्षद प्रमोद ज्याणी की पहल पर मिशन हरित वार्ड के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कुलदीप बराड़ ने पांच ट्री गार्ड सहित पौधे भेंट कर अभियान में सहयोग किया। महेंद्र वर्मा ने भी वार्ड में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पांच पौधे ट्री गार्ड सहित उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इस



दौरान ग्राम पंचायत 2 एलडीजी, जीरो आरडी खाजूवाला के नवनिर्वाचित सरपंच कमलेश गिल्ला भी मौजूद रहे। पार्षद प्रमोद ज्याणी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि मिशन हरित वार्ड को जनभागीदारी से सफल बनाया जाएगा। उन्होंने वार्डवासियों से अधिकाधिक पौधारोपण कर उनकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी उठाने का आह्वान किया।

मतदाता पंजीकरण के लिए जिले में लगेंगे विशेष क्लस्टर कैंप

बीकानेर। प्रदेश में संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में पात्र मतदाताओं के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष क्लस्टर कैंप आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं सहित महिलाओं, नवविवाहिताओं, दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर, बेघर व्यक्तियों तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी व सीईओ जिला परिषद श्रीमती शैलजा पांडे ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार इस संबंध में संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक समन्वय के साथ अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान का उद्देश्य ह्यकोई भी पात्र मतदाता न छूटेह्ल की संकल्पना को साकार करना तथा मतदाता सूची में समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्रीमती पांडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 नवंबर को दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

बॉक्सिंग रिंग में सादुलपुर के मुक्केबाजों का परचम



सीमा सन्देश # सादुलपुर

राजस्थान की 42वीं एलीट राज्य मुक्केबाजी प्रतियोगिता में सादुलपुर क्षेत्र के युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल जगत में क्षेत्र का नाम रोशन किया। बीकानेर के करणी सिंह स्टेडियम में 12 से 14 नवंबर तक हुई प्रतियोगिता में धानोटी गांव के विकास ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं आशीष ने रजत पदक हासिल कर क्षेत्र को दोहरी सफलता दिलाई। पुरुष वर्ग (वर्ष 2026-27) के 55 किलोग्राम भार वर्ग में विकास ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि के साथ विकास ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने का स्थान भी सुनिश्चित कर लिया। वहीं 65 किलोग्राम भार वर्ग में आशीष ने खिताबी मुकाबले में जोधपुर के दक्ष से हार के बावजूद आशीष ने रजत पदक अपने नाम किया। जिला मुक्केबाजी संघ के उपाध्यक्ष मनोज पूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में अकादमी के छह मुक्केबाजों ने भाग लिया था। खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक रोहित टोकस भी मौजूद रहे। दोनों युवा मुक्केबाजों की उपलब्धि पर नगरपालिका राजगढ़ के अध्यक्ष राकेश पूनिया, भारतीय औद्योगिक वित्त विकास बैंक के निदेशक प्रो. दिलीप पूनिया, जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष विवेक पूनिया, एडवोकेट चरण सिंह, धोलू गढ़वाल, ओम ठेकेदार, प्राचार्य राजकुमार, प्रदीप सहारण, पवन मोहता, पार्षद राहुल पारीक, डॉ. राजकुमार फोगड़िया, हनुमान पीटीआई एवं मुस्ताक अहमद चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मौसम

अधिकतम 29.0° | न्यूनतम 18.3°

आर्द्रता

सुबह 79% | शाम 61%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:39PM

कल का सूर्योदय

07:00AM

बादल, हल्की वर्षा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,36,890

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,26,600

चांदी (प्रति किलो) ₹1,79,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

संगीतमय हनुमान कथा आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सारेगामा मंच की ओर से रविवार सायं 93 वृंदावन विहार स्थित सारेगामा मंच बेसमेंट में भजन गायक सुनील भारद्वाज श्रीराम भक्त हनुमान संगीतमय कथा करेंगे। डॉ. राजेन्द्र जैन ने बताया कि यह आयोजन सायं 5:30 से 6:45 बजे तक होगा। डॉ. जैन ने इस आयोजन में श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है।

स्नेह मिलन समारोह आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। महावीर कालोनी स्थित पावन धाम मंदिर में रविवार शाम 4 से 5 बजे तक दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से दीपावली के पावन पर्व की मंगलकामनाएं साझा करने के साथ ही समाज में आपसी सद्भाव, प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।

आज सजेगा विशेष कीर्तन दीवान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। खालसा पंथ की आध्यात्मिक माता साहिब कौर जी का जन्म दिवस के उपलक्ष्य में माता साहिब कौर स्त्री सत्संग सभा द्वारा आयोजित गुरमत समागम में रविवार सुबह 9:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। सचखंड श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह खालसा तथा लुधियाना वाले रागी जत्था भाई गुरमीत सिंह गौहर गुरबाणी कीर्तन द्वारा गुरु जस महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में आकर्षक सजावट की गई है। माता साहिब कौर स्त्री सत्संग सभा की सदस्याओं तथा गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी में कीर्तन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे भी अपनी कीर्तन प्रस्तुतियां देंगे। समागम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

आज संत नामदेव मंदिर में कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। कोडा चौक के नजदीक स्थित संत नामदेव मंदिर में शिरोमणि भगत संत नामदेव जी की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार सुबह भजन कीर्तन कार्यक्रम एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की गई है। रविवार को आयोजित कार्यक्रमों की शुरूआत प्रातः 8 बजे संत नामदेव जी की आरती के साथ होगी। सुबह 9 बजे भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों के माध्यम से संत नामदेव जी का गुणगान करेंगे। प्रातः 11 बजे दीपावली स्नेह मिलन आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग एवं श्रद्धालु आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व की खुशियां साझा करेंगे। दोपहर 12 बजे मंदिर में पहुंचने वाले समाजबंधुओं एवं संगत के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

श्रीगंगानगर में पंचायत आम चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, शाम 6 बजे तक 71.57 प्रतिशत मतदान, कल होंगे पंच-सरपंच के चुनाव









सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत जिले की आठ पंचायत समितियों और जिला परिषद के 30 निर्वाचन क्षेत्रों (जोन) के लिए मतदान शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 71.57 प्रतिशत अंतिम मतदान दर्ज किया गया है। लोकतंत्र के इस महापर्व में ग्रामीण मतदाताओं ने सुबह से ही भारी उत्साह दिखाया, हालांकि अनूपगढ़ पंचायत समिति के एक मतदान केंद्र पर चुनाव बहिष्कार की स्थिति भी सामने आई।

निर्वाचन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंचायत समिति अनूपगढ़ में जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए निर्धारित मतदान केंद्र संख्या 79 पर ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार किया गया। इस बूथ पर कुल 852 मतदाता पंजीकृत थे। बहिष्कार के कारण विभाग ने अनूपगढ़ पंचायत समिति के मतदान प्रतिशत की गणना 1,15,452 मतदाताओं के आधार पर की है, जबकि पूरे जिले के लिए यह गणना 8,66,790 मतदाताओं के आधार पर निकाली गई है।

सुबह से शाम तक यूं बढ़ा मतदान का प्रतिशत : जिले के



सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7:15 बजे से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान शुरू हुआ।

दिन चढ़ने के साथ मतदान केंद्रों पर कतारें लंबी होती गईं

- सुबह 10 बजे तक: 17.57 प्रतिशत (1,52,267 मत)
- दोपहर 1:00 बजे तक: 39.07 प्रतिशत (3,38,663 मत)
- दोपहर 3:00 बजे तक: 55.69 प्रतिशत (4,82,686 मत)
- शाम 6:00 बजे तक: 71.15 प्रतिशत (6,16,729 मत)
- अंतिम मतदान: 71.57 प्रतिशत (कुल 6,20,394 मत)

श्रीगंगानगर (द.) अव्वल, घड़साना में सबसे कम

जिले की सभी आठ पंचायत समितियों के 164 निर्वाचन क्षेत्रों में अंतिम मतदान की स्थिति इस प्रकार रही :

● **श्रीगंगानगर (दक्षिण):** 62,635 में से 47,165 वोट पड़े, जो सर्वाधिक 75.30 प्रतिशत रहा। ● **पदमपुर:** 1,08,977 मतदाताओं में से 80,711 ने मतदान किया (74.06 प्रतिशत)। ● **सादुलशहर:** 1,10,438 में से 81,761 वोट पड़े (74.03 प्रतिशत)। ● **श्रीगंगानगर (उत्तर):** 1,08,779 में से 79,532 मतदाताओं ने वोट डाले (73.11 प्रतिशत)। ● **श्रीकरणपुर:** 90,572 में से 65,260 वोट पड़े (72.05 प्रतिशत)। ● **रायसिंहनगर:** 1,41,011 में से सर्वाधिक 99,585 मत पड़े (70.62 प्रतिशत)। ● **अनूपगढ़:** 1,15,452 मतदाताओं में से 79,286 ने मताधिकार का प्रयोग किया (68.67 प्रतिशत)। ● **घड़साना:** 1,28,926 में से 87,094 वोट पड़े, जो जिले में सबसे कम 67.55 प्रतिशत रहा।

पूरे जिले में पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

पंचायत मुख्यालय विवाद: 3 जेएम के ग्रामीणों का मतदान बहिष्कार, नहीं पड़ा वोट

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायत चुनाव के बीच अनूपगढ़ क्षेत्र के 3 जेएम गांव में पंचायत मुख्यालय को लेकर चल रहा विवाद मतदान बहिष्कार के रूप में सामने आया। नवगठित ग्राम पंचायत नाईयांवाली के अंतर्गत आने वाले 3 जेएम गांव के ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करने का सामूहिक निर्णय लिया। मतदान प्रक्रिया शुरू होने से लेकर शाम तक गांव का एक भी मतदाता मतदान केंद्र नहीं पहुंचा। ग्रामीणों के इस फैसले के चलते मतदान केंद्र पर सन्नाटा पसरा रहा।

18 से 19 किमी दूर है मुख्यालय : ग्रामीणों की नाराजगी की मुख्य वजह नाईयांवाली को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाना है। ग्रामीणों का कहना है कि नाईयांवाली गांव उनके गांव से करीब 18 से 19 किलोमीटर दूर पड़ता है। ऐसे में पंचायत से जुड़े छोटे-बड़े कामों के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। ग्रामीण लंबे समय से 3 जेएम गांव को अलग ग्राम पंचायत बनाने और यहां पंचायत मुख्यालय स्थापित करने की मांग उठा रहे हैं।



अन्य गांव को बनाया पंचायत मुख्यालय : ग्रामीणों के अनुसार, पहले 3 जेएम गांव ग्राम पंचायत 15 एलएम के अंतर्गत आता था. इसके बाद पंचायत पुनर्गठन को लेकर 20 नवंबर, 2025 को जारी राजपत्र अधिसूचना में गांव 3 जेएम को ग्राम पंचायत के रूप में निर्धारित किए जाने का उल्लेख होने का दावा किया गया, लेकिन पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान 3 जेएम के स्थान पर 1 एनजेडब्ल्यूएम को पंचायत मुख्यालय बनाए जाने से ग्रामीणों में असंतोष फैल गया।

इस फैसले के विरोध में ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्तियां और मांगें भी रखीं। ग्रामीणों का कहना है, उनके गांव के साथ हुए इस बदलाव की उच्च स्तर पर जांच होनी चाहिए और पूर्व निर्धारित स्थिति को बहाल किया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान से दूरी बनाकर अपना विरोध जताया।

शाम 5:15 बजे तक नहीं खुला मतदान का खाता : मतदान बहिष्कार की सूचना मिलने के बाद प्रशासन भी ग्रामीणों को मनाने में जुटा रहा। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार राजवीर कड़वासरा ने ग्रामीणों से लगातार बातचीत कर उन्हें मतदान करने हेतु समझाया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। कड़वासरा के अनुसार, ग्रामीणों को लगातार समझाइश की जा रही थी। इसके बावजूद शाम 5:15 बजे तक केंद्र पर एक भी वोट नहीं पड़ा।

आज सजेगी श्याम की भजन संध्या

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में आज रविवार को सांय 7 बजे से विशाल श्याम भजन संध्या प्रारंभ होगी। मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस भजन संध्या में शहर के प्रमुख भजन गायक भजनों से बाबा श्याम को रिझायेंगे। 20 नवंबर को बाबा श्याम के जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी श्याम श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। शेरेवाला के अनुसार तीन दिवसीय जन्मोत्सव 20 से 22 नवंबर तक भजन संध्या के साथ संपन्न होगा।

विवाहिता रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सदर थाना क्षेत्र से एक 26 वर्षीय विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला गत 31 अक्टूबर को एलएंडटी कार्यालय में काम करने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नाथावाला के वार्ड नंबर 2 निवासी संजय पुत्र सुनील कुमार ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी अनामिका गत 31 अक्टूबर को शाम करीब 6:30 बजे एलएंडटी कार्यालय में कार्य करने के लिए गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी समय तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के संभावित ठिकानों पर खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजनों ने सदर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई जयविन्द्र को सौंपी गई है। पुलिस विवाहिता की तलाश करने के साथ ही उसके लापता होने से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रही है।

प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच: एक दिसम्बर से 'खेलो राजस्थान गेम्स' का महाकुंभ, रजिस्ट्रेशन का कल अंतिम दिन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और स्थानीय पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने के लिए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो राजस्थान गेम्स के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए बड़ी खबर यह है कि प्रथम चरण के खेलों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 16 नवंबर है। ऐसे में खिलाड़ियों के पास पंजीकरण कराने के लिए अब बहुत कम समय बचा है। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 1 दिसंबर को होगा, जो 15 जनवरी 2027 तक चलेंगे। इस महाकुंभ में गांवों की धूल से लेकर शहरों के स्टेडियमों तक खेल प्रतिभाओं का जलवा देखने को मिलेगा। खेल विभाग की रूपरेखा के अनुसार, इन खेलों को तीन अलग-अलग चरणों में बांटा गया है, ताकि हर वर्ग और हर खेल को पूरा मौका मिल सके। इसके प्रथम चरण में 1 दिसंबर - 15 जनवरी तक वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी एवं तीरंदाजी प्रतियोगिताएं होगी। द्वितीय चरण में 1 अप्रैल - 15 मई तक कबड्डी, फुटबॉल, जूडो एवं शूटिंगे औश्र तृतीय चरण में 5 अगस्त - 30 सितंबर (संभावित) में खो-खो, कुश्ती, बास्केटबॉल एवं सतोलिया प्रतियोगिता होगी।

गांवों से लेकर राजधानी तक मचेगी धूम : खेलों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर ने कमेटियों का गठन किया है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर 26 दिन, ब्लॉक स्तर पर 10 दिन, जिला स्तर पर 5 दिन और राज्य स्तर पर 5 दिनों तक मुकाबले चलेंगे। वहीं नगर पालिका/नगर परिषद स्तर पर 14 दिन, जिला स्तर पर 5 दिन और राज्य स्तर पर 5 दिन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें समस्त आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। उम्र का कोई बंधन नहीं है, बस आपको ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। मुकाबले केवल बड़े स्टेडियमों तक सीमित नहीं हैं; बल्कि संबंधित क्षेत्र के राजकीय/निजी विद्यालय, महाविद्यालय, राजकीय स्टेडियम और स्थानीय उपलब्ध खेल मैदानों पर रोमांचक मैच खेले जाएंगे।

पंचायत स्तर तक सौंपी कमान

पारंपरिक खेलों के सफल संचालन और सुव्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष समितियों का गठन किया गया है। इसमें संयोजक सरपंच, ग्राम पंचायत को बनाया गया है जबकि सदस्य के रूप में प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक (राजकीय विद्यालय), ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम सचिव, और शारीरिक शिक्षक शामिल है। समिति मुख्य रूप से अधिक से अधिक खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रेरित करना और प्रक्रिया पूरी करवाने, गांवों में खेलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, राजस्व ग्राम की टीमों का पारदर्शी चयन करने, रेफरी की पुख्ता व्यवस्था और खेल मैदानों का चिह्नीकरण करने और पंचायत स्तर पर खेलों की पूरी तैयारी, व्यवस्था संभालना और एक सेट खेल उपकरण का क्रय करने जैसे काम करेगी।

बड़ी संख्या में लोगों ने सम्पर्क पोर्टल पर भी दर्ज करवाई शिकायत

मास्टर प्लान लागू करने की मांग को लेकर लोगों का अनोखा विरोध; प्रतीकात्मक निकाली 'शव यात्रा'

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



मास्टर प्लान के अनुरुप सड़क निर्माण की मांग की सुनवाई नहीं होने पर लोगों ने शनिवार को अनूठा विरोध प्रदर्शन किया । संयुक्त मास्टर प्लान संघर्ष समिति के आह्वान पर हुए इस अनोखे उग्र विरोध प्रदर्शन के तहत सद्भावना नगर, चक 3 ई छोटी और पावन धाम क्षेत्र के सैकड़ों निवासी सड़कों पर उतरे और शहर के मास्टर प्लान की शव यात्रा निकालकर लबाना चौक (जस्सा सिंह मार्ग) पर उसका पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अब कोरे आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, बल्कि धरातल पर ठोस कार्रवाई चाहिए। अर्थी यात्रा निकाले जाने से पूर्व, चंद्रशेखर आजाद चौक पर क्षेत्रवासियों ने समिति संयोजक नरेश शर्मा के नेतृत्व में जोरदार धरना दिया। समिति ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार ज्ञापन देने और अधिकारियों के साथ वाताओं के दौर के बावजूद उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे आम जनता में गहरा असंतोष है।

लोगों का कहना था कि सद्भावना नगर और पावनधाम क्षेत्र को तुरंत प्रभाव से नगर परिषद की सीमा में शामिल किया जाए। निवासियों का तर्क है कि नगर परिषद में शामिल न होने के कारण यहाँ पक्की सड़कों, स्ट्रीट लाइट और नियमित साफ-सफाई जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाओं का भारी अभाव है।

इसके अलावा सद्भावना नगर क्षेत्र की पावन धाम रोड से शेष अतिक्रमण हटाकर नाला निर्माण शुरू करवाया जाए तथा मास्टर प्लान के मूल प्रावधानों के तहत इस सड़क को 80 फीट चौड़ा किया जाए। भाटिया पेट्रोल पंप से लेकर चांदनी चौक तक के मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को भी बिना किसी देरी के हटाया जाए ताकि आम रास्ता और यातायात सुगम हो सके।

आंदोलन तेज करने की चेतावनी

मास्टर प्लान की अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में चलाए जा रहे पंचायत समिति चुनाव बहिष्कार आंदोलन के तहत यह प्रदर्शन किया गया। समिति और स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही उनकी इन जायज मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो वे अपने इस आंदोलन को और अधिक तीव्र करने के लिए बाध्य होंगे। शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए इस प्रदर्शन और कार्यक्रम में एडवोकेट लक्ष्मीकांत सैनी, महेंद्र महिया, जगदीश गोदारा, विनोद परीक, गौरव दत्ता, गुरचरण सिंह, प्रमोद बिश्नोई, सूरज शर्मा, नंदराम वर्मा, नितेश छिपा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

हमला कर सोने के आभूषण लूटे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जवाहरनगर थाना क्षेत्र की भूप कॉलोनी में घर में घुसकर पति-पत्नी के साथ मारपीट करने और सोने के आभूषण छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार महक पत्नी शुभम निवासी मकान नंबर 269, भूप कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 नवंबर की रात करीब एक बजे आरोपी अंशुमान और करण उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही उसके और उसके पति शुभम पर हमला कर दिया। दोनों के साथ लाठी-डंडों और हाथों से मारपीट की गई। इस दौरान आरोपियों ने उनके पास मौजूद सोने के आभूषण जबरन छीन लिए और मौके से फरार हो गए। अचानक हुए हमले से पति-पत्नी घबरा गए। घटना के बाद पीड़िता ने जवाहरनगर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने परिवाद के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई नरेश कुमार को सौंपी है।

जस्सा सिंह मार्ग पर सब्जी रेहड़ी वालों को मिली राहत



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर के वार्ड 32 स्थित जस्सा सिंह मार्ग पर फल सब्जी की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करने वाले रेहड़ी संचालकों को हटाने से उनकी रोजी-रोटी पर संकट आ रहा था। जब रेहड़ियां हटवाई जाने लगी तो दो वार्डों के पार्षदों ने हस्तक्षेप किया और रेहड़ी चालकों को स्थान उपलब्ध करवाया गया। वार्ड 32 के पार्षद पति रामफल विश्नोई और वार्ड 30 के पार्षद जोबनप्रीत सिंह ने आगे आकर रेहड़ी संचालकों का पक्ष लिया। दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से रेहड़ियां वापस उसी स्थान पर लगवाई गईं। उनका कहना है कि रेहड़ियों के कारण यातायात बाधित नहीं हो रहा है और रेहड़ियां आवागमन क्षेत्र से दूर एक किनारे पर रहती हैं। छोटे दुकानदारों एवं रेहड़ी संचालकों को भी सम्मानपूर्वक रोजगार करने का अवसर मिलना चाहिए।

नगरपरिषद सभापति लक्की दावड़ा और विधायक जयदीप बिहाणी से भी मामले में सहयोग करने का आग्रह किया गया, ताकि गरीब रेहड़ी संचालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

एंटरटेनमेंट UPDATE
रविवार विशेष

प्रीतिका राव बनीं दुलहन, आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर में की शादी

एक्ट्रेस अमृता राव की बहन प्रीतिका राव ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है. प्रीतिका मिस से मिसेज हो गई हैं. उन्होंने शादी कर ली है. प्रीतिका ने सादगी भरे अंदाज में इंटीमेट वेडिंग की. उन्होंने बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर शादी की और आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का आशीर्वाद लिया. प्रीतिका ने इंस्टा पर वेडिंग फोटोज पोस्ट कर फैंस को सरप्राइज दिया. उनकी शादी में परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल हुए. एक्ट्रेस ने पति की पहचान रिवील नहीं की है. प्रीतिका ने पति के चेहरे को ब्लर कर रखा है. दुल्हन बनी एक्ट्रेस रेड साड़ी में खूबसूरत लगीं. शादी की रस्में निभाते हुए कई तस्वीरें पोस्ट की हैं. एक फोटो में कपल के साथ फोटो में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर भी नजर आते हैं. न्यूलीवेड कपल को आध्यात्मिक गुरु ने बधाई दी.



'कॉफी विद करण' : अनन्या ने अपने एक्स को किये कॉल

करण जौहर के लोकप्रिय शो 'कॉफी विद करण' सीजन 9 के आगामी एपिसोड में अनन्या पांडे और अनन्या बिड़ला बतौर मेहमान नजर आएंगी। हाल ही में जारी किए गए प्रोमो में दोनों अभिनेत्रियों के बीच की शानदार केमिस्ट्री और मस्ती देखने को मिली।

शो के दौरान एक मजेदार फोन कॉल सेगमेंट में अनन्या पांडे ने आदित्य रॉय कपूर को फोन मिलाने की कोशिश की, जिसे कार्तिक आर्यन ने उठाया। इस पर अनन्या बिड़ला ने चुटकी लेते हुए कहा कि वह अपने सभी एक्स (भूतपूर्व प्रेमियों) को एक-एक करके कॉल कर रही हैं। करण जौहर की मेजबानी वाले इस रोमांचक एपिसोड को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है।



'रामायण १' में मचेगा मेघनाद का तांडव! राघव जुयाल निभाएंगे खतरनाक किरदार



फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट की अपाल सफलता के बाद अब इसके दूसरे पार्ट को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस बार कहानी में एक ऐसे योद्धा की एंट्री होने वाली है, जिसके नाम से बड़े-बड़े महारथी कांपते थे। जी हां, अभिनेता राघव जुयाल अब रणभूमि में रावण के सबसे शक्तिशाली योद्धाओं में से एक मेघनाद बनकर उतरने वाले हैं।

खतरनाक होगा राघव का किरदार

राघव की इस फिल्म में एंट्री की झलक पहले पार्ट के पोस्ट क्रेडिट सीन में ही देखने को मिल गई थी। हालांकि, उनकी असली और मुख्य भूमिका दूसरे पार्ट में देखने को मिलेगी। रामायण की कहानी में मेघनाद का किरदार बेहद अहम है और लक्ष्मण के साथ उसका युद्ध दर्शकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बनने वाला है। हाल ही में वरायटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में राघव ने अपनी तैयारी को लेकर कुछ दिलचस्प बातें साझा की हैं। उनके मुताबिक, निर्देशक नितेश तिवारी ने उन्हें मेघनाद की शक्तियों को सिर्फ एक्शन से नहीं, बल्कि चेहरे और आंखों के हाव-भाव से दिखाने की खास सलाह दी है। राघव चाहते हैं कि दर्शक फिल्म देखकर ही इस किरदार का असली दम महसूस करें, इसलिए उन्होंने इसके कई राज फिलहाल छिपाकर रखे हैं।

डायरेक्टर का खास प्लान

नितेश तिवारी ने मेघनाद के किरदार को लेकर राघव को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निर्देशक के अनुसार, मेघनाद कोई साधारण योद्धा नहीं था, बल्कि उसकी शक्तियां बेहद असाधारण थीं। वह अपने पिता रावण की तरह ही ताकतवर और युद्ध कौशल में माहिर था, इसलिए उसके व्यक्तित्व में रौब, रहस्य और खौफ का सही मेल दिखना जरूरी है। रामायण की कथा में मेघनाद की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने युद्ध के दौरान लक्ष्मण पर ऐसा घातक वार किया था कि वह मूर्छित हो गए थे। इसके बाद ही उनके प्राण बचाने के लिए संजीवनी बूटी लाने की नौबत आई थी। अब यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि राघव जुयाल इस ऐतिहासिक युद्ध और मेघनाद के मायावी रूप को बड़े पर्दे पर किस खौफनाक अंदाज में जीवंत करते हैं।

विशाल ददलानी: 23 की उम्र में तिरुपति में सिर मुंडवाने से लेकर नास्तिक बनने का सफर



म्यूजिक कंपोजर और सिंगर विशाल ददलानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने बाल्ड लुक और जीवन से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि 23 साल की उम्र में वे काफी धार्मिक हुआ करते थे और तिरुपति जाकर सिर मुंडवाने के बाद उन्होंने कभी बाल न रखने की कसम खाई थी। समय के साथ उनकी सोच बदली और अब वे खुद को नास्तिक मानते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि सभी धर्म केवल अच्छा इंसान बनने की सीख देते हैं। इसके अलावा, विशाल ने बचपन में ही शराब न पीने का कड़ा फैसला लिया था और सिगरेट की लत को भी अचानक छोड़ दिया था। अपनी बेबाक शख्सियत और स्पष्ट विचारों के लिए पहचाने जाने वाले विशाल आज भी अपने इन फैसलों पर पूरी तरह कायम हैं।

छठ पूजा : जब आत्मा सूर्य के प्रकाश से जुड़ती है





MAAsterG की क्लास
किश्त सं. 31

छठी मैया की जय! छठ पूजा एक ऐसी पूजा है जो किसी मंदिर या मूरत में नहीं, बल्कि जीवित प्रकृति में सूर्य देव और छठी मैया के साथ की जाती है। ये पूजा खुले में, आसमान के नीचे जल के अंदर खड़े होकर की जाती है। ये अपने आप में एक ऐसी मिसाल है जहाँ पर पाँच तत्वों से बना मानव शरीर पाँच तत्वों से मिल जाता है। उसके अंदर बहता हुआ जीवन सूर्य देव से जुड़ा है, क्योंकि सूर्य ना हो तो हमारा जीवन संभव नहीं, और अगर जीवन है तो उसकी रक्षा भी जरूरी है। जब हम कहीं पर भी उसकी रक्षा में अधूरे रह जाते हैं, तो फिर छठी मैया जो कि सूर्य देव की बहन कही गई है, वो जीवन की रक्षा करती है। ये त्यौहार अपने आप में पूरा ब्रह्मांड समेटे हुए है। छठ पूजा में चार दिन का समय होता है; पहले दिन स्वच्छता होती है, उसमें बिल्कुल शुद्ध शाकाहारी खाना खाया जाता है, फिर तीन दिन निर्जला व्रत रखा जाता है। आखिरी दिन रातभर जागरण होता है। कथाओं के अनुसार छठ पूजा में संदेश यही है कि बच्चों के जीवन में उन्नति हो और उनकी आयु बढ़े।

कथा है कि राजा प्रियव्रत का पुत्र मृत अवस्था में जन्मा। उस समय छठी मैया प्रकट हुईं और उन्होंने बालक को जीवनदान दिया। छठी मैया मृत्यु को भी जीवन में बदलने की शक्ति रखती हैं। हमें जीवन तो मिल गया पर क्या हम उस शरीर का सम्मान करते हैं जो प्रकृति के पाँच तत्वों से बना है? क्या हम उस सूर्य के प्रकाश का सम्मान करते हैं, जो ईश्वरीय शक्ति से आ रहा है? संसार में ऐसा मनुष्य जो आत्मा में जीता है, वो इस शरीर से बाहर की लीला के खेल को द्रष्टा होकर खेलता है। शरीर से जब आत्मा, ज्योत, वो सूर्य की किरण जब बाहर आती है, तो वो उस एक ईश्वर में समा जाती है। इसी को ही मुक्ति कहा गया है। छठी मैया हमारे जीवन की रक्षा करती है। अब यह हम पर निर्भर है कि जब चौथा दिन पूरा होता है और हम छठी मैया तथा सूर्य देव से प्रार्थना करते हैं, तो हम क्या माँगते हैं? यदि हम संसार माँगते हैं, तो संसार मिलेगा; परंतु यदि हम परमात्मा को माँगते हैं, तो परमात्मा मिलेगा, जिसे हम मुक्ति, मोक्ष और आनंद कहते हैं। संसार की माँग एक पूरी होगी तो दूसरी आ जाएगी, दूसरी पूरी होगी तो तीसरी आ जाएगी। हम धारणा बना ले कि हमें छठी मैया और सूर्य देव का ध्यान करना है और उनके द्वारा हमको उस एक ईश्वर को माँगना है क्योंकि जिसके संग ईश्वर आ गया, उसको फिर कभी जीवन में दुख नहीं होता। इस बार ये धारणा करो कि छठ पूजा में हम छठी मैया और सूर्य देव को ही माँग लें! फिर तप जो हम करेंगे वो सफल हो जाएगा। माया माँगोगे तो चक्रव्यूह टूटेगा नहीं; संसार की कोई वस्तु, कोई शक्ल या कोई पदार्थ कभी भी किसी को परमानेंट सुख नहीं देता। इसलिए हमको उस एक ईश्वर को माँगना है, चाहे छठी मैया के रूप में या सूर्य देव के रूप में, तो फिर ये छठ पूजा सफल हो जाएगी और हमारा जीवन खुशहाल हो जायेगा। जय छठी मैया!

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

ज्ञान-विज्ञान

अन्तरिक्ष में आवाज सुनाई क्यों नहीं देती!



क्या आपने कभी सोचा है कि अंतरिक्ष में जब दो अंतरिक्ष यात्री एक-दूसरे के पास होते हैं, तो क्या वे बिना किसी उपकरण के आपस में बात कर सकते हैं? इसका जवाब है–नहीं! दरअसल, अंतरिक्ष में आवाज सुनाई नहीं देती, क्योंकि वहां लगभग निर्वात होता है।

आवाज एक प्रकार की ध्वनि तरंग है, जिसे फैलने के लिए किसी माध्यम की जरूरत होती है। यह माध्यम हवा, पानी या कोई ठोस वस्तु हो सकता है। जब हम बोलते हैं, तो हमारे गले से निकलने वाली ध्वनि तरंगें हवा के कणों में कंपन पैदा करती हैं। ये कंपन एक कण से दूसरे कण तक पहुंचते हैं और हमारे कानों तक आते हैं। इसी तरह हमें आवाज सुनाई देती है, लेकिन अंतरिक्ष में हवा के कण लगभग न के बराबर होते हैं। इसलिए वहां ध्वनि तरंगों को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त माध्यम नहीं मिलता। यही कारण है कि अंतरिक्ष में बड़े विस्फोट या रॉकेट की आवाज भी सामान्य तरीके से सुनाई नहीं देती।

हालांकि, अंतरिक्ष यात्री आपस में बात कर सकते हैं। वे विशेष रेडियो उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। रेडियो तरंगों को फैलने के लिए हवा की जरूरत नहीं होती। ये तरंगें अंतरिक्ष के निर्वात में भी यात्रा कर सकती हैं।

अंतरिक्ष में यदि कोई विस्फोट हो, तो आप उसे देख तो सकते हैं, लेकिन बिना रेडियो या अन्य उपकरणों के उसकी आवाज नहीं सुन सकते!

रोचक तथ्य

- ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। इसके दो दिल गलफड़ों तक और एक दिल शरीर के बाकी हिस्सों तक खून पहुंचाता है।
- जिराफ की जीभ लगभग 45-50 सेंटीमीटर लंबी हो सकती है।
- घोंघे के मुंह में हजारों छोटे-छोटे दांत होते हैं।
- सूर्य एक तारा है। यह पृथ्वी से लगभग 15 करोड़ किलोमीटर दूर है।
- तितलियां अपने पैरों से स्वाद पहचान सकती हैं।
- डॉल्फिन एक आंख खुली रखकर सो सकती हैं।
- शुद्ध शहद लंबे समय तक खराब हुए बिना सुरक्षित रह सकता है।
- हाथी कूद नहीं सकते।
- चंद्रमा पर हवा नहीं होती, इसलिए वहां आवाज सामान्य तरीके से नहीं फैलती।

चुटकुले

पापा: पढ़ाई कैसी चल रही है?
बेटा: बिल्कुल आपके बिजनेस जैसी!
पापा: वो कैसे?
बेटा: बस सोच रहे हैं, आगे क्या करना है!

***

मम्मी: उठ जा बेटा, सुबह हो गई!
बेटा: तो क्या हुआ मम्मी, सूरज को उठने दो, मैं थोड़ी देर में उठता हूं!

***

दोस्त: तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त कौन है?
दूसरा: मेरा मोबाइल!
दोस्त: वो कैसे?
दूसरा: वो मुझे कभी अकेला नहीं छोड़ता!

***

पापा: रिजल्ट कैसा आया?
बेटा: प्रिंसिपल का बेटा फेल हो गया।
पापा: तुम्हारा क्या हुआ?
बेटा: डॉक्टर का बेटा भी फेल हो गया!

बाल संदेश

कहानी

नन्हीं डुचडुच्या का साहस



एक घने जंगल में मिट्ठू नाम की एक छोटी चिड़िया रहती थी। वह बहुत प्यारी और चंचल थी। एक दिन तेज आंधी आई। मिट्ठू का घोंसला पेड़ से नीचे गिर गया। उसके छोटे-छोटे बच्चे घोंसले में ही थे।

मिट्ठू घबरा गई, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। वह मदद मांगने के लिए जंगल के दूसरे जानवरों के पास गई। पहले वह बंदर के पास पहुंची। बंदर ने पेड़ से सूखी टहनियां इकट्ठी कीं। फिर खरगोश पत्तियां लेकर आया और गिलहरी मुलायम घास ले आई।

सभी ने मिलकर पेड़ की मजबूत डाल पर नया घोंसला बनाया। मिट्ठू ने अपने बच्चों को सुरक्षित उसमें पहुंचा दिया।

शाम को सभी जानवर खुशी से झूम उठे। मिट्ठू ने सबका धन्यवाद किया।

उस दिन उसने सीखा कि मुश्किल समय में हिम्मत और एकता से हर परेशानी का सामना किया जा सकता है।

सीख: *मिल-जुलकर काम करने से बड़ी से बड़ी मुश्किल आसान हो जाती है।*

Vocabulary

- **Benevolent** – Well-meaning and kindly; showing a desire to help others.
- **Meticulous** – Showing great attention to detail; very careful and precise.
- **Resilient** – Able to recover quickly from difficulties or challenges.
- **Eloquent** – Fluent or persuasive in speaking or writing.
- **Prudent** – Acting with care and good judgment.
- **Ambiguous** – Having more than one possible meaning; unclear.
- **Diligent** – Showing care and effort in one's work or duties.
- **Inevitable** – Certain to happen; unavoidable.
- **Magnanimous** – Generous and forgiving, especially toward a rival or someone less powerful.

टैंग ट्विस्टर

- चंदू के चाचा ने चंदू की चाची को चांदनी चौक में चांदी की चम्मच से चटनी चटाई।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला-पीला।
- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची।
- समझ-समझ के समझ को समझो, समझ समझना भी एक समझ है।
- लालाजी लाए लाल लाल लड्डू।
- चार चोर चार छाते चुराकर चंपत हुए।
- नंदू ने नानी के नन्हे नाती को नमकीन खिलाई।
- टेढ़े तवे पर टेढ़ा तरबूज।
- काली बिल्ली काले बर्तन में काली मलाई खाए।
- डाली-डाली पर डोले डाल पर डोला।
- मोर मोरनी को देखकर मोती जैसे मोती चुगने लगा।
- छोटा चींटा चीनी चाटे, चीनी चाटकर चुपचाप भागे।
- गीता गई गोवा, गोवा में गीता ने गाया गाना।
- फूफा फूफी से बोले, फूफी फूफा से बोलीं।
- चंचल चाची चटपटी चाट चखकर चहकने लगीं।
- राधा रानी रोज रंग-बिरंगे रूमाल रंगती हैं।
- गोलू के गुलाबी गुब्बारे गली में घूमते गए।
- श्याम शहद से शकरकंद शौक से सजाता है।
- पप्पू पपीते पर पीली पन्नी पैक करता है।

अन्तर ढूंढो



रास्ता ढूंढो



सुजानगढ़ में दिव्यांग मतदाता खाट पर पहुंचा मतदान केंद्र, तारानगर पश्चिम 64.24 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे आगे; वार्ड 23 और 39 पर राजनीतिक नजरें

चूरू में लोकतंत्र के महापर्व का उत्साह, 6 पंचायत समितियों में मतदान







सीमा संदेश # चूरू

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव-2026 के चौथे और अंतिम चरण में शनिवार को चूरू जिले की छह पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान जिलेभर के 696 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। लोग परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाई। दोपहर 3 बजे तक जिले की छह पंचायत समितियों में 57 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। तारानगर पश्चिम (भालेरी) क्षेत्र 64.24 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे आगे रहा। वहीं तारानगर पूर्व में 61.60 प्रतिशत, चूरू उत्तर में 61.28 प्रतिशत, रतनगढ़ में 55.62 प्रतिशत तथा चूरू और सुजानगढ़ में 52.94-52.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

सुजानगढ़ में दिव्यांग मतदाता का जज्बा प्रेरणादायक : मतदान के दौरान सुजानगढ़ में लोकतंत्र के प्रति आस्था की प्रेरक तस्वीर सामने आई। एक दिव्यांग मतदाता खाट पर लेटकर मतदान केंद्र पहुंचा और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनकी यह पहल अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा बनी। सुजानगढ़ क्षेत्र में पंचायत समिति के 25 और जिला परिषद के चार सदस्यों के लिए मतदान हुआ। यहां 167 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

696 केंद्रों पर 231 ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने डाले वोट: जिले की चूरू, चूरू उत्तर, रतनगढ़, सुजानगढ़, तारानगर पूर्व और तारानगर पश्चिम (भालेरी) पंचायत समितियों में जिला परिषद के 19 और पंचायत समिति के 114 वार्डों के लिए मतदान कराया गया। इन क्षेत्रों की 231 ग्राम पंचायतों के मतदाताओं के लिए कुल 696 मतदान केंद्र स्थापित किए गए। पंचायत समिति वार मतदान केंद्रों की संख्या में चूरू में 96, चूरू उत्तर में 88, रतनगढ़ में 164, सुजानगढ़ में 165, तारानगर पूर्व में 89 और तारानगर पश्चिम में 87 केंद्रों पर मतदान हुआ।

वार्ड 23 और 39 बनीं राजनीतिक हॉट सीट: चूरू जिले में जिला परिषद की कुछ सीटों पर राजनीतिक मुकाबला खास चर्चा में रहा। वार्ड 23 से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस ने आशा स्वामी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं वार्ड 39 में पराक्रम सिंह राठौड़ चुनाव मैदान में हैं, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा के पुत्र केशरीचंद शर्मा से है। इसके अलावा वार्ड 38 से तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया और वार्ड 3 से केशरीचंद शर्मा की पत्नी अंजू शर्मा भी जिला परिषद सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ रही हैं।

16 नवंबर को वार्ड पंच और सरपंच पदों का मतदान: जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के मतदान के बाद अब सोमवार, 16 नवंबर को वार्ड पंच और सरपंच पदों के लिए मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद शाम से मतगणना शुरू होगी और देर रात तक परिणाम आने की संभावना है। अब प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की निगाहें ईवीएम खुलने पर टिकी हैं।

खाजूवाला: आईजीएनपी की नहरों के वरीयता क्रम में बदलाव से किसानों में रोष

सीमा सन्देश# खाजूवाला



इंदिरा गांधी नहर परियोजना (आईजीएनपी) में पानी की कमी के बीच नहरों के वरीयता क्रम में कथित बदलाव किए जाने से किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। इस संबंध में भारतीय किसान संघ, राजस्थान प्रदेश की जोधपुर प्रांत इकाई की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर नहरों का संचालन निर्धारित वरीयता क्रम के अनुसार करवाने की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्षराजेन्द्र सिंह व मंत्री देवीलाल ने बताया कि 13 नवंबर को उपखंड अधिकारी खाजूवाला के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि इस वर्ष पानी की कमी के कारण आईजीएनपी क्षेत्र में बिजाई का कार्य प्रभावित हुआ है। किसानों को बिजाई में देरी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद नहर की टेल पर स्थित किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आईजीएनपी नहर के निर्धारित वरीयता क्रम में बदलाव कर दो दिन आगे किया जा रहा है, जबकि पूर्व में इस प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाती थी। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलने में परेशानी हो रही है। ज्ञापन के अनुसार वर्तमान फसल चक्र के तहत नहर 17 दिन बंद रहने के बाद 19वें दिन पानी छोड़े जाने का प्रावधान बताया गया है। वहीं 17 दिन की बंदी के बाद निर्धारित फसल चक्र के अनुसार पानी नहीं मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आईजीएनपी नहरों का संचालन निर्धारित वरीयता क्रम के अनुसार करवाया जाए तथा सिंचाई के लिए किसानों को समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाया जाए, ताकि फसलों की बिजाई एवं उत्पादन प्रभावित न हो।

जिला कारागृह में भामाशाहों और प्रेरकों का सम्मान

सीमा सन्देश # चूरू। जिला कारागृह में बंदियों के लिए उपयोगी भौतिक संसाधन उपलब्ध करवाने वाले भामाशाहों व प्रेरकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। इस दौरान छापर निवासी चैनरूप दायमा और चूरू के सांवतराम ईसरान का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह सैनी ने धन का उपयोग जरूरतमंदों की सहायता में करने को पुण्य बताया, जबकि विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश फगेड़िया ने बंदियों को पुस्तकें पढ़कर विचारों में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। जेल अधीक्षक जगदीश प्रसाद पूनिया के आभार व्यक्त किए गए इस कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश तंवर ने किया।

सरदारशहर: केकेसी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की परीक्षा



सीमा सन्देश # सरदारशहर

केकेसी पीजी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (सहायक आचार्य) सेट-2026 में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के एम.ए. विजुअल आर्ट चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा लावन्या शर्मा पुत्री पंकज कुमार एवं योगेश सोनी पुत्र सुभाष सोनी ने कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेट-2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक आचार्य पद की पात्रता हासिल की है। इसके साथ ही, कला विभाग के पूर्व विद्यार्थी राजेंद्र मेघवाल व खालिद ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। निदेशक डॉ. किशोर सिंह राठौड़ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संकाय सदस्यों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां ही किसी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान होती हैं। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के शैक्षणिक वातावरण एवं विभागाध्यक्ष श्यामसुन्दर के मार्गदर्शन को दिया है।

उल्लास के साथ आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

सरदारशहर क्षेत्र में बाल दिवस पर सांस्कृतिक व वैज्ञानिक प्रस्तुतियां



सीमा सन्देश # सरदारशहर

बाल दिवस पर स्थानीय शाकम्भरी विद्यापीठ शिक्षण संस्थान, एसवीपी इंग्लिश एकेडमी और आईएएसई (मानित) विश्वविद्यालय में उत्साह व उल्लास के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाकम्भरी विद्यापीठ में संस्था निदेशक दिव्या गौड़ ने दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम प्रभारी आलोक सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन एवं बच्चों के प्रति उनके स्नेह पर प्रकाश डाला। इस दौरान आयोजित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल, कलाकृतियों व हस्तनिर्मित वस्तुओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी अभिभावकों और अतिथियों ने सराहना की। संचालन आनन्द मीणा व प्रेम प्रकाश नाई ने किया। उधर, आईएएसई विश्वविद्यालय के प्रशाल सभागार में मुख्य वातार्कार डॉ. महेश कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के साथ कला, साहित्य व खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में प्रशांत कुमार, रोहिताश कुमार, वेदप्रकाश, पलक मेहरा, घनश्याम शर्मा, गरिमा, नेहा, माया, तारामणि, सुनीता आदि ने विचार रखे। प्रशांत, नेहा तिवाड़ी व निरमा ने काव्य पाठ किया, प्रवक्ता सुरेन्द्र कुमार पारीक ने गीत प्रस्तुत किया और कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अल्पना शर्मा ने कविता के जरिए बचपन की यादें ताजा कीं। संचालन रोहिताश कुमार ने किया।

श्रीराम कथा में दिया निर्मल स्वभाव अपनाने का संदेश

सीमा सन्देश # रतनगढ़



शहर के पौद्दार गेस्ट हाउस में व्यास परिवार की ओर से आयोजित श्रीराम कथा में शुक्रवार को संत प्रहलाद महाराज ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में स्वभाव का विशेष महत्व है। यदि मनुष्य अपने जीवन में निर्मल स्वभाव को आत्मसात कर ले, तो उसके प्रत्येक कार्य में सफलता का मार्ग प्रशस्त होने लगता है। महाराज ने कहा कि रामायण हमें त्याग और समर्पण का संदेश देती है जबकि महाभारत स्वार्थ और अधिकार की भावना के परिणामों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भगवान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने से ही जीवन सार्थक बनता है। इस अवसर पर मीराबाई एवं शिव बारात की आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। राहुल कुणाल व्यास ने रामचरितमानस का पूजन किया। इस मौके पर देवकीनंदन रिणवां, डॉ. वीपी गोयल, रमेशचंद्र इंदौरिया, पार्षद संतोष इंदौरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष लीटू कल्पनाकांत, अरविंद इंदौरिया, कुंदन पारीक, श्यामसुंदर जोशी, रामकिशन नौहाल, सुरेश मुरारका सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

जसनाथ मंदिर में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर उमड़े श्रद्धालु



सीमा सन्देश # सरदारशहर

शहर के जसनाथ महाराज मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा में कथावाचक राजेंद्र उपाध्याय ने शिव विवाह, गंगा अवतरण और नारद की तपस्या सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। कथावाचक उपाध्याय ने कहा कि गृहस्थ आश्रम को इसलिए श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि इससे संसार की परंपरा आगे बढ़ती है। साधु-संतों से समाज को ज्ञान और आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान भी धरती पर माता-पिता के माध्यम से ही अवतार लेकर संसार में आते हैं। इसलिए माता-पिता का स्थान वंदनीय है। उन्होंने गंगा के धरती पर अवतरण तथा नारद मुनि की तपस्या के प्रसंगों का भी विस्तृत वर्णन किया। कथा आयोजन में राजूनाथ सिद्ध, ओमप्रकाश शर्मा, हंसराज सिद्ध, हेतनाथ सिद्ध, परतनाथ सिद्ध, बनवारीलाल नाई, श्योदान सुथार, मंदिर पुजारी भींवनाथ सिद्ध एवं रमेश पांडिया व अन्य श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।

17.95 करोड़ रुपये की लागत से हुए पुनर्विकास कार्यों का लिया जायजा



सीमा सन्देश# बीकानेर। मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल नेशनिवार को रतनगढ़ स्टेशन का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने बीकानेर से रतनगढ़ तक स्पीक यान के माध्यम से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीकानेर-रतनगढ़ रेलखंड का अवलोकन करते हुए रेलवे ट्रैक एवं रेल परिसंपत्तियों की स्थिति का जायजा लिया तथा संरक्षा एवं परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रतनगढ़ स्टेशन पहुंचने पर मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 17.95 करोड़ रुपये की लागत से किए गए स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन पर विकसित यात्री सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन यार्ड का विस्तृत निरीक्षण करते हुए पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग तथा ट्रैक फिटिंग की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने रेल संचालन की संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित संरक्षा मानकों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने तथा नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कॉलोनी में आवश्यक सुधार कार्य करवाने तथा रेल कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अमन अग्रवाल सहित रेलवे के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

देश-विदेश के 60 शहरों से पहुंचे संग्रहकर्ता, 100 से अधिक स्टॉलों पर प्रदर्शित हो रही दुर्लभ मुद्राएं

तीन दिवसीय 'बिकाणा मुद्रा महोत्सव' का शुभारंभ

सीमा सन्देश# बीकानेर



इतिहास, संस्कृति और धरोहर को सहेजने तथा नई पीढ़ी को मुद्रा संग्रहण एवं मुद्राशास्त्र से परिचित करवाने के उद्देश्य से बीकानेरा न्यूमिस्मेटिक सोसायटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'बिकाणा मुद्रा महोत्सव' का शुक्रवार को गंगाशहर रोड स्थित अग्रसेन अग्रवाल भवन में भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव में देश-विदेश के लगभग 60 शहरों से आए संग्रहकताओं एवं मुद्रा विशेषज्ञों ने 100 से अधिक स्टॉल लगाए हैं। इन स्टॉलों पर प्राचीन भारतीय मुद्राओं, ब्रिटिशकालीन सिक्कों एवं नोटों, देशी-विदेशी करेंसी तथा दुर्लभ ऐतिहासिक मुद्राओं का आकर्षक प्रदर्शन किया जा रहा है। संग्रहकताओं द्वारा स्थानीय लोगों को इन मुद्राओं के ऐतिहासिक महत्व, विशेषताओं एवं बाजार मूल्य की जानकारी भी दी जा रही है। विशेष बात यह है कि बीकानेर के स्थानीय संग्रहकर्ता भी अपने निजी संग्रह के साथ महोत्सव में उत्साहपूर्वक भागीदारी कर रहे हैं। महोत्सव का उद्घाटन शहर के महापौर अनिल कल्ला, जिला कलेक्टर निशांत जैन, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने किया। सभी अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा दुर्लभ सिक्कों एवं नोटों के संग्रह को देखकर विशेष रुचि दिखाई। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि बीकानेर में मुद्राशास्त्र से जुड़ा इतना बड़ा आयोजन होना गौरव की बात है। इस तरह के आयोजन इतिहास एवं हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने आयोजकों को इस अनूठे आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इतने व्यापक स्तर पर इस तरह का आयोजन करना सराहनीय प्रयास है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने विभिन्न शहरों से आए स्टॉलधारकों से मुलाकात कर उनका बीकानेर की धरा पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। महोत्सव का विशेष आकर्षण बांग्लादेश से आए संग्रहकर्ता मोहम्मद कमरूल इस्लाम रहे, जिन्होंने भारत एवं हिंदुत्व से जुड़ी ऐतिहासिक वस्तुओं का प्रदर्शन किया तथा उनकी विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बीकानेर के प्रशासनिक अतिथियों को बांग्लादेश के कुछ सिक्के एवं करेंसी नोट स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट किए।

2500 अधिक ने किया अवलोकन : आयोजक किशनलाल सोनी ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन शानदार उत्साह देखने को मिला। पहले ही दिन लगभग 2,500 लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विशेष रूप से ब्रिटिशकालीन करेंसी नोटों एवं सिक्कों के संग्रह ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बीकानेरा न्यूमिस्मेटिक सोसायटी के सचिव सुधीर लुणावत ने बताया कि प्रथम दिन चार विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थी भी प्रदर्शनी देखने पहुंचे। विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक सिक्कों एवं नोटों के बारे में जानकारी प्राप्त की और मुद्रा संग्रहण के महत्व को समझा। आमजन को ऐसे फर्जी ऑनलाइन ऑफर्स एवं ठगी से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। बीकानेर के वरिष्ठ मुद्रा संग्रहकर्ता जसवंत सिंह पारख ने कहा कि ऐसे आयोजन बीकानेर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाते हैं। उन्होंने आयोजक टीम को सफल शुरूआत के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इस तरह के आयोजन निरंतर करने की अपेक्षा जताई। पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं के संग्रहकर्ता उमेश मोदी ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि देश के इतने बड़े मुद्रा महोत्सव की मेजबानी करने का अवसर बीकानेर को मिला है। डूंगर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंद्र सिंह राजपुरोहित ने प्रदर्शनी में पहुंचे स्कूली विद्यार्थियों को भारतीय सिक्कों एवं नोटों के ऐतिहासिक महत्व तथा उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दोस्त की हत्या कर शव छिपाने वाला आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के सूरतपुरा गांव के जोहड़ में दोस्त की गोली मारकर हत्या करने और शव छिपाने के मामले में पुलिस ने हरियाणा के भिवानी जिले के रोढ़ां गांव निवासी रमेश उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि 7 नवंबर की सुबह नीमवाला जोहड़ी, रोही सूरतपुरा में छाती में गोली लगे भिवानी के बिधवान निवासी अनिल उर्फ मोलड़ का शव मिला था। एफएसएल टीम के साक्ष्य जुटाने और मृतक के भाई सुनील की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विशेष टीम ने हरियाणा में दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस अब आरोपी से हत्या के कारणों, प्रयुक्त हथियार और पूरे घटनाक्रम को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व वाले एफटीए प्रतिनिधिमंडल में सम्पत सारस्वत शामिल, सड़क सुरक्षा नवाचारों पर करेंगे चर्चा

बीकानेर के बामनवाली का बेटा वैश्विक मंच पर करेगा भारत का प्रतिनिधित्व

सीमा सन्देश # बीकानेर



बीकानेर जिले के लूणकरणसर क्षेत्र के निकट स्थित गांव बामनवाली के निवासी तथा 'इको भारत' के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सम्पत सारस्वत भारत सरकार के आधिकारिक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में 22 नवंबर तक मिस्र और इटली की महत्वपूर्ण यात्रा पर हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में हो रही इस यात्रा को भारत के वैश्विक व्यापारिक संबंधों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

काहिरा और रोम में होंगी अहम बैठकें : दस दिवसीय दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल पहले पांच दिन मिस्र की राजधानी काहिरा में रहेगा, जहां मिस्र के साथ व्यापार एवं निवेश से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल इटली की राजधानी रोम पहुंचेगा, जहां यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते से संबंधित बैठकों और विचार-विमर्श में भाग लेगा।

तीसरी बार मिला प्रतिनिधिमंडल में स्थान : सम्पत सारस्वत के लिए यह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ तीसरी एफटीए प्रतिनिधिमंडल यात्रा होगी। इससे पहले वे भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में न्यूजीलैंड और जापान की यात्राओं में भी शामिल हो चुके हैं। लगातार तीसरी बार इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया जाना सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों और इको भारत की बढ़ती विश्वसनीयता का प्रमाण माना जा रहा है।

विश्व स्तर पर बना रही पहचान: इको भारत ने हाल ही में आर्मेनिया में आयोजित वैश्विक प्रतियोगिता में विश्व के शीर्ष दस नवाचारों में तीसरा स्थान प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की है। संस्था सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में 'स्मार्ट सेफ्टी' जैसी तकनीकों के माध्यम से दुर्घटनाओं के बाद 'गोल्डन आवर' में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है।

वैश्विक सहयोग की नई संभावनाएं : सम्पत सारस्वत ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए ही नहीं, बल्कि भारत के सड़क सुरक्षा अभियान के लिए भी गौरव का अवसर है। इस मंच पर भारतीय नवाचारों और 'गोल्डन आवर' मिशन को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। साथ ही विदेशी संस्थाओं और उद्योगों के साथ सहयोग की नई संभावनाएं भी विकसित होंगी। उन्होंने इस अवसर के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशों से प्राप्त अनुभवों और सुझावों का उपयोग भारत में सड़क सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए किया जाएगा।

न्यायाधीशों ने किए सालासर बालाजी महाराज के दर्शन




सीमा सन्देश # सालासर। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सालासर धाम में शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन.वी. अंजड़िया ने सपरिवार श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर की ओर से न्यायमूर्ति अंजड़िया का बालाजी महाराज का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं बालाजी महाराज की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेंद्र कुमार गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी न्यायमूर्ति शुभा मेहता ने भी सालासर धाम पहुंचकर श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से न्यायमूर्ति दंपति का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान धार्मिक परंपरा के अनुसार अतिथियों का सम्मान किया गया।

गोपाष्टमी महोत्सव मंगलवार को

सादुलशहर। श्री मुरली मनोहर गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव मंगलवार को मनाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष राजीव लोचन शर्मा ने बताया कि सुबह नौ बजे हवन-यज्ञ, साढे दस बजे गो पूजन, इसके बाद 11 बजे भंडारा लगाया जाएगा। शाम छह बजे दीप माला का आयोजन होगा। सेवादार सुरेंद्र बाघला ने आमजन से कार्यक्रम में पहुंचकर गो माता का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

वर्ग पहली क्रमांक 7979



ó *बायें से दायें:-* 1) एक संख्या, 4) आतिथ्य, 7) अंतःपुर, 8) गतिरुद्ध; संग्रहित, 9) चौकी, 10) जल्दबाज़ी; धक्कमधक्का; हड़बड़ी, 12) बिगाड़, 15) पीड़ा, 16) टिकिया, 17) एक शस्त्र, 19) सुधबुध, 20) मूल्य; क़ीमत, 21) सर्वज्ञात, 23) लतागृह, 25) ग्रामीण, 27) दूल्हा, 28) ओहदा, 29) परिणाम-स्वरूप, 30) सच्चाई. ô *ऊपर से नीचे:-* 1) पर्यायवाची शब्द, 2) सिर, 3) निर्धन, 4) आकाश, 5) समयघोष, 6) रात, 11) वातावरण, 13) शक्तिशाली, 14) राष्ट्रपिता के पिता, 17) बड़ा वृक्ष, 18) वचन, 21) आज्ञापत्र, 22) बड़ा, 24) कोठी; मकान, 26) एक विषम संख्या, 28) स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त आहार-

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

आ	दी		प	थि	क		क	स	म
स		घी	ल		म	सा	ले	दा	र
पा	क		ट	ह	नी		जा		घ
स	ना	त	न		य	दि		त	ट
	ग			अ		वा	धि	क	
	त	र	बू	जा		लि		दी	न
गु		ही		त	न	या		र	बी
ब	ल	वा		श			चा	च	
न		ला		नु		श	रा	र	त

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 15 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1875: आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा का जन्म।
1937: आधुनिक हिंदी साहित्य के महान कवि और नाटककार जयशंकर प्रसाद का निधन।
1938: प्रसिद्ध आर्य समाजी नेता, शिक्षाविद और समाज सुधारक महात्मा हंसराज का निधन।
1947: विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बना।
1949: महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे और उसके सहयोगी नारायण दत्तात्रेय आप्टे को अंबाला जेल में फांसी दी गई।
1961: संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाने की घोषणा की।
1982: महान स्वतंत्रता सेनानी और भूदान आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे का निधन।
1986: भारत की प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा का जन्म।
1988: पीएलओ के अध्यक्ष यासर अराफात द्वारा स्वतंत्र फि लिस्तीन राष्ट्र की घोषणा की गई।
1989: भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और पाकिस्तान के वकार यूनिस ने कराची में अपने टेस्ट करियर की शुरूआत की।
1998: अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपना एशियाई देशों भारत एवं पाकिस्तान का दौरा रद्द किया।
2000: झारखंड आधिकारिक रूप से भारत का 28वां राज्य बना।
2007: चिली में 7.7 तीव्रता का भीषण भूकम्प आया।
2020: प्रसिद्ध बांग्ला अभिनेता सौमित्र चटर्जी का निधन।
2021: केंद्र सरकार द्वारा 15 नवंबर (बिरसा मुंडा की जयंती) को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 16 नवंबर (एनएनएस) सोमवार कार्तिक सुदी सप्तमी को बासमती चावल एवं मोटे चावल, गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला एवं इसके तेल, देशी चना, मटर, मसूर, उड़द, तुवर, मोठ, राजमा चित्रा, काबुली चना, खांडसारी, बड़ी इलायची, काजू, जीरा, हल्दी, बादाम, धनिया, अजवायन, दालचीनी, इमली, जायफल, जावित्री, सौंफ, में लाभ तथा ग्वार-ग्वार गम, बाजरा, मक्की, सोयाबीन, मूंग, शर्मिली, कलौंजी, केसर, अमचूर, लौंग, गोला, रुई, जस्ता, टिन, सूत, कॉपर, पीतल, निकिल, लोहा-इस्पात, देशी घी, दूध पाउडर गुड़-चीनी, सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 3-4-7-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 11.06 बजे पूर्वार्द्ध से पहले यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

15 नवम्बर रविवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी, नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा, योग - गण्ड, करण - कौलव, दिशाशूल - पश्चिम, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मकर, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यापार में बेहतर नतीजे मिलेंगे, धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

वृषभ : कारोबार में लाभ मिलने के योग हैं। दोस्तों और परिचितों का भरपूर सहयोग मिलेगा तथा जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

मिथुन : थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। सोचे हुए कार्य पूरे होने में विलंब हो सकता है, बातचीत में संयम रखें और जल्दबाजी न करें।

कर्क : कारोबार और आर्थिक मामलों में किस्मत का साथ मिलेगा जिससे धन लाभ होगा। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा।

सिंह : रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। ऊर्जा और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, बस अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और क्रोध से बचें।

कन्या : कार्यक्षेत्र में मुस्तैदी से काम करने पर लाभ मिलेगा। मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है और अचानक धन लाभ के योग हैं।

तुला : जीवन की अनिश्चितता दूर होगी और सामंजस्य लौटेगा। रिश्तों में समझदारी से बात बनेगी, हालांकि निवेश में सतर्क रहें।

वृश्चिक : अंतर्ज्ञान पर भरोसा करें, सही मार्गदर्शन मिलेगा और प्रॉपर्टी से लाभ के योग हैं।

धनु : नए अवसरों से घिरा दिन रहेगा। शिक्षा, यात्रा या व्यक्तिगत विकास के नए रास्ते खुलेंगे और सकारात्मक रहें।

मकर : मेहनत, प्रतिबद्धता और विश्वसनीयता की तारीफ होगी। सोचे हुए काम पूरे होंगे और व्यावहारिक फैसले लंबा फायदा देंगे।

कुंभ : लेनदेन में जल्दबाजी न दिखाएं और जालसाजों से सावधान रहें। रचनात्मक विचारों पर भरोसा करें।

मीन : किस्मत का सितारा चमकेगा और इंट्यूशन मजबूत रहेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा और शांति मिलेगी।

आइएनटीआइ यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एक्सचेंज के लिए चयन

मोदी यूनिवर्सिटी की 3 छात्राएं मलेशिया में करेंगी पढ़ाई

लक्ष्मणगढ़।

मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की तीन छात्राओं का मलेशिया की प्रतिष्ठित आइएनटीआइ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। जनवरी से मई 2027 तक छात्राएं वहां अध्ययन करेंगी। खास बात यह है कि तीनों छात्राओं को 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट के साथ विश्वविद्यालय परिसर में निःशुल्क आवास की सुविधा भी मिलेगी। चयनित छात्राओं में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की



सीएसई की मानसी सेठ एवं संचाली बंसल तथा स्कूल ऑफ बिजनेस की बीबीए छात्रा गीतिका शर्मा शामिल हैं। आइएनटीआइ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी दर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 406वें स्थान पर है।

दो छात्राएं पहले से मलेशिया में अध्ययनरत

इससे पहले मोदी यूनिवर्सिटी की स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की जीविका सिंघाथिया एवं अवनी मेहता अगस्त से दिसंबर 2026 तक आइएनटीआइ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत अध्ययन कर रही हैं। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के जॉइंट डीन डॉ. सुरेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि मोदी यूनिवर्सिटी छात्राओं को बेहतर वैश्विक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विश्वस्तरीय संस्थानों के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इसके तहत इंटर्नशिप और सेमेस्टर एक्सचेंज कार्यक्रमों के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू के माध्यम से शैक्षणिक सहयोग स्थापित किए जा रहे हैं।

राजकीय महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की 'नई किरण नशा मुक्ति केंद्र योजना' के अंतर्गत स्थानीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में नशामुक्ति संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष अभियान के तहत 14 नवंबर को विद्यार्थियों को ह्यसखा-सखी किटह्व वितरित की गईं, जिसमें बैग, डायरी, पेन, टी-शर्ट और ट्राउजर प्रदान किए गए। ये चयनित विद्यार्थी कॉलेज, समाज और अपने गांवों में नशे के दुष्प्रभावों तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से बचाव, शारीरिक व मानसिक समस्याओं और इसके गंभीर सामाजिक व पारिवारिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रवीन सैनी ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशे से दूर रहकर अपनी शिक्षा और करियर पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी से समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. चारुलता वर्मा ने युवाओं को जागरूक करने को आज के समय की बड़ी आवश्यकता बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अचीवर्स अकादमी ने बीकानेर बीडीएसए को दी करारी शिकस्त



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

शहर के खालसा क्रिकेट ग्राउंड पर काइनेटिक गोल्स स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 तीन मैचों की क्रिकेट सीरीज में अचीवर्स क्रिकेट अकादमी ने बीकानेर बीडीएसए को 3-0 से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। राजस्थान खिलाड़ी भैरा राम के अनुसार, विजेता टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बल्लेबाजी में अंगद सुतार ने सर्वाधिक 166 रन बनाए और बेस्ट बैट्समैन चुने गए। हिमेश कुमार ने 153 रन तथा मन्नू ने 107 रन जोड़े। नीरज कुमार ने 6 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर का पुरस्कार जीता, जबकि ऑलराउंडर हिमेश कुमार ने 5 विकेट भी चटकाए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अनंता मेडिकेयर के निदेशक राजेश जैन, सुमित गोदारा, लक्ष्मण सिंह, संदीप सेंडी और राजेन्द्र पन्नू रहे। समापन समारोह में कपिल प्रजापत को मैन ऑफ द सीरीज, अंगद सुतार को बेस्ट बैट्समैन, नीरज कुमार को बेस्ट बॉलर और बीकानेर की हेना को बेस्ट फील्डर का खिताब मिला। ताज स्पोर्ट्स के सौजन्य से विजेता टीम को किट बैग, नीरज को क्रिकेट बॉल, हेना को स्लीव्स और शानदार शतक जड़ने वाले अंगद सुतार, हिमेश कुमार व मृत्युंजय बंबू को बैटिंग ग्लव्स भेंट किए गए।

वेतन सीमा बढ़ाने और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पर दी जानकारी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने लगाये जागरूकता शिविर

श्रीगंगानगर।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 13 नवंबर को सहायक भविष्य निधि आयुक्त (एपीएफसी) संदीप कुमार के नेतृत्व में खंडेलिया ऑयल मिल और जीआरजी ऑयल मिल में जागरूकता शिविर लगाये गए। शिविरों में नियोक्ताओं व कर्मचारियों को पीएम विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) और विश्वास



योजना-2026 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान भविष्य निधि की वैधानिक वेतन सीमा 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए किए जाने से अवगत कराते हुए अधिकाधिक कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने और पात्र कर्मचारियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही, पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आइपीपीबी) के सहयोग से उनके निवास स्थान पर ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की नई पहल की जानकारी दी गई, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने से राहत मिल सके। शिविर में अधिकारियों ने कर्मचारियों और नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान भी किया।

गंगनहर का वरीयताक्रम

15 नवम्बर 2026, रविवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
आरबी	520 (7)	09 नवम्बर दोपहर 12 बजे	17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
एचएच	555 (6)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
रिडमलसर	566 (6)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
फार्म	627 (6)	10 नवम्बर रात्रि 9 बजे	18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जीजी	828 (5)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
हिरणांवाली	850 (5)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
नेतेवाला	871 (5)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएल	931 (5)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
एमएलए	972 (5)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
करणीजी	1302 (4)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
केके	1315 (4)	12 नवम्बर रात्रि 9 बजे	20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
ईईए	1375 (3)	13 नवम्बर रात्रि 12 बजे	21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एफ	1878		
एलएनपी	2155		
एमके	2253		
बीबी	2451		
समेजा	2653		
पीएस	2813		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	3120		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	3161		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	3179		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	3334		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	3365		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे

नोट : गंगनहर में शनिवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1599 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7342	साहवा	480
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	182
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	4810
सूरतगढ़	1860		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

शनिवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 14.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8270-6800 (आ. 211 क्विं.), ग्वार 7923-7170 (आ. 69 क्विं.), नरमा 9131-8500 (आ. 1278 क्विं.), कपास 8679-8660 (आ. 10 क्विं.), सरसों 8632 (आ. 30 क्विं.), **रायसिंहनगर** : ग्वार 8250-7750, सरसों 8651, बाजरी 2859-2826, मूंग 8281-7800, नरमा 9083-8800, **जैतसर** : सरसों 8589, मूंग 8381-8250, बाजरी 2661, ग्वार 8200-7872, धान 4540-3800, **घड़साना** : मूंग 8675-7385, नरमा 9140-8800, सरसों 8044, ग्वार 7965, मूंगफली 7050-6925, बाजरी 2780, **गजसिंहपुर** : सरसों 862, मूंग 7925, नरमा 9155-8350, **करणपुर** : नरमा 9070-8557, **श्रीविजयनगर** : नरमा 9099-8890, ग्वार 8100-7916, मूंग 8245, **अनूपगढ़** : नरमा 9132-8500, धान 4650-1921, ग्वार 8100-7600, मूंग 8151-7925, बाजरा 2775-2771, कपास 8611, सरसों 8900

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु. (15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8750, नरमा व्यापारी 9025, बाजरा 2585, ग्वार 8025, मूंग व्यापारी 7931, मक्का 2680, धान पीआर व्यापारी 2100, धान मुछल 4550, धान 1509-3975, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8561, गेहूं व्यापारी 2741, ग्वार 8085, धान पीआर व्यापारी 2250, धान मुछल 4326 **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8765, नरमा व्यापारी 8940, गेहूं व्यापारी 2750, बाजरा 2525, ग्वार 7891, मूंग व्यापारी 7800, धान पीआर व्यापारी 2400, धान मुछल 4830, धान 1509-4321, **रावतसर:** कपास 8400, नरमा व्यापारी 9000, गेहूं व्यापारी 2694, बाजरा 2670, ग्वार 8250, चना व्यापारी 7181, मूंग व्यापारी 8200, मोठ 8541, सरसों व्यापारी 8703, तिल 20201, अरण्डी 7701, मूंगफली व्यापारी 7911, **नोहर:** बाजरा 2800, ग्वार 8121, मूंग व्यापारी 8050, मोठ 8385, सरसों व्यापारी 8550, तिल 22640, अरण्डी 8170, मूंगफली व्यापारी 6700, **भादरा:** गेहूं व्यापारी 2920, ग्वार 8626, चना व्यापारी 7105, मूंग व्यापारी 8073, सरसों व्यापारी 8801, **संगरिया:** नरमा व्यापारी 8700, बाजरा 2732, ग्वार 7990, मूंग व्यापारी 7680, मक्का 2901, **गोलूवाला:** कपास 8400, नरमा व्यापारी 8956, गेहूं व्यापारी 2614, जौ 2327, बाजरा 2651, ग्वार 7921, चना व्यापारी 6951, मूंग व्यापारी 8225, सरसों व्यापारी 8765, **पीलीबंगा:** कपास 8800, नरमा व्यापारी 8144, बाजरा 2639, ग्वार 8081, धान पीआर व्यापारी 2025, धान 1121-4675, **टिब्बी:** सरसों व्यापारी 8212


बाल दिवस पर हुई खेल प्रतियोगिताएं

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

स्थानीय श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। खेल प्रभारी डॉ. बलदेव राज ने बताया कि 100 मीटर रेस में तरणप्रीत प्रथम, मुस्कान व संध्या द्वितीय और पलक बिनावरा तृतीय रहीं। 200 मीटर रेस में मुस्कान ने पहला, तरणप्रीत ने दूसरा और संध्या ने तीसरा स्थान हासिल किया। तीन टांग दौड़ में पलक बिनावरा-सिमरन की जोड़ी प्रथम, गौरविका-विधि द्वितीय तथा निहारिका, रेणुका, भूमिका व प्रिया तृतीय रहीं। चम्मच दौड़ में विधि ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका करणी सिंह शेखावत और भवानी सिंह शेखावत ने निभाई। समापन समारोह में न्यास अध्यक्ष अमर चंद बोरड़, सचिव नरेश जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, अंजू बोरड़, निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. पंकज लता, उप प्राचार्य रूपल डाल व निक्की शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

ग्लोबल न्यूज

वैज्ञानिकों ने खोजा नया ब्लड मार्कर, अब जीवित लोगों में चल सकेगा CTE बीमारी का पता



वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने eMTBR-tau243 नामक ब्लड मार्कर खोजा है जिससे जीवित लोगों में क्रॉनिक ट्रॉमैटिक एन्सेफैलोपैथी (CTE) बीमारी का पता लगाया जा सकता है। अबतक यह केवल मृत्यु के बाद ब्रेन टिशु जांच से संभव था। यह मार्कर उळए को अल्जाइमर से अलग पहचानने और बार-बार सिर की चोट झेलने वाले ऐथलीटों की जांच में भी सहायक होगा।

चीनी सैन्य विमान ने इंडियन एयरस्पेस का किया उल्लंघन, सिक्किम के ऊपर 20 मिनट तक मंडराया




12 नवंबर को एक चीनी सैन्य विमान ने सिक्किम में इंडियन एयरस्पेस का उल्लंघन किया और 20-25 मिनट तक इलाके के ऊपर मंडराता रहा। आउटलुक की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय वायुसेना (IAF) की चेतावनियों के बावजूद विमान वहां मौजूद रहा। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के सामने स्थित है जो भारत के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है।

मैं पाकिस्तान को टैंक दिलाने के लिए टैक्स नहीं देता: अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर



अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर चुने गए अब्दुल अल-सईद ने कहा है कि अमेरिकी करदाताओं का पैसा मिस्र, पाकिस्तान और सऊदी अरब को बम-टैंक देने के बजाय शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें बिना किसी शर्त के विदेशी सैन्य सहायता देने की प्रक्रिया को एक सामान्य नियम बना लेना चाहिए।

यूक्रेन बनेगा NATO देश, यूएस ने राष्ट्रप्रति जेलेंस्की के सामने रखी यह शर्त




अबू धाबी शांति वार्ता के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने खुलासा किया है कि अमेरिका ने यूक्रेन को NATO सदस्यता के बदले डोनबास क्षेत्र छोड़ने का प्रस्ताव दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन जमीन नहीं देगा लेकिन सुरक्षा गारंटी मिले तो रेफरेंडम करा सकते हैं। फिलहाल, इस पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

गूगल के स्मार्ट चश्मे में आया Hey Gemini फीचर, बोलते ही ऐक्टिवेट होगा एआई असिस्टेंट



गूगल ने अपने ऐंड्रॉयड XR स्मार्ट चश्मों में 'Hey Gemimi' वॉयस कमांड फीचर रोल आउट किया है। इसके जरिए यूजर्स अब बिना बटन दबाए सिर्फ 'Hey Gemimi' बोलकर एआई असिस्टेंट ऐक्टिवेट कर सकेंगे। ये चश्मे सैमसंग के साथ मिलकर बनाए गए हैं। इसकी बिक्री 10 दिसंबर से अमेरिका में शुरू होगी और कीमत लगभग 37,000 ($395) होगी।

बिल्ली क्यों करती है 'म्याऊं म्याऊं'? वैज्ञानिकों ने लगाया पता



साओ पाउलो यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने 38 पालतू बिल्लियों पर स्टडी की है। इसमें पाया गया कि बिल्लियों को खाने की खुशबू आई लेकिन खाना नहीं मिल रहा था तो इंसान की मौजूदगी में वे ज्यादा म्याऊं करने लगीं। इंसान के आसपास बिल्लियों ने 86 बार म्याऊं किया जिससे पता चला कि वे ध्यान खींचने के लिए ऐसा करती हैं।

अमेरिका में उड़ानों पर रोक के बीच एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए मंगवाए पिज्जा



अमेरिका में उड़ानों पर रोक के बीच फ्लोरिडा के गेन्सविल रीजनल एयरपोर्ट ने करीब 80 यात्रियों के लिए पिज्जा मंगवाए। उड़ानों पर रोक के कारण कई एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल दिखा। हालांकि, अब यह रोक हटा ली गई है। वहीं, नेवार्क एयरपोर्ट पर एक यात्री ने बताया कि उड़ानों पर रोक के बाद उसने टोरंटो का टिकट खरीदा था।

भारत ने पाकिस्तान के मुंह से छीना मैच: मोहित ने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर दिलाई जीत

भारत अंडर-19 एशिया कप चैम्पियन

अल अमीरात। रोमांच की सभी हदें पार करते हुए भारतीय अंडर-19 टीम ने फाइनल मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 252 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और हार तय लग रही थी, लेकिन दसवें नंबर पर उतरे मोहित उल्वा ने नाबाद 49 रनों की करिश्माई पारी खेलकर बाजी पलट दी।



मोहित रहे प्लेयर ऑफ द मैच, सहवाग प्लेयर ऑफ द सीरीज

भारत की पाकिस्तान पर अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में नाबाद 49 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले मोहित उल्वा प्लेयर ऑफ द मैच व ओपनर आर्यवीर सहवाग प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

मोहित व मनल की करिश्माई साझेदारी

पाकिस्तान को जीत के लिए 51 गेंदों पर महज दो विकेट चाहिए थे। ऐसे दबाव भरे माहौल में मोहित उल्वा (26 गेंद, नाबाद 49 रन) और मनल चौहान ने नौवें विकेट के लिए 57 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर भारत की वापसी कराई। मनल चौहान ने 32 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाकर 47 रन बनाए। 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर निकाब शरीफ ने मनल को आउट किया। आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे और हाथ में सिर्फ एक विकेट था। मोहित ने चिगुरुपति वेंकटा के साथ आखिरी विकेट के लिए 30 रन जोड़े। आखिरी गेंद पर जब तीन रनों की जरूरत थी, तब मोहित ने चौका जड़कर भारत को 50 ओवर में 339/9 के स्कोर तक पहुंचाया और चैंपियन बना दिया।

रायचंदानी-आर्यवीर ने दी मजबूत शुरूआत

338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग ने पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत दिलाई। 18वें ओवर में निकाब शरीफ ने आर्यवीर (58) को आउट किया। इसके बाद वीके विनीत ने रायचंदानी के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 27वें ओवर में रिजवानउल्लाह ने विनीत (24) को आउट किया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। 37वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे रायचंदानी (80) को अली रजा ने आउट कर बड़ा झटका दिया। अर्जुन राजपूत (16), यशवर्धन चौहान (9), अन्वय द्रविड़ (19), आर्यन सवसानी (9) और काव्य परेश पटेल (8) सस्ते में आउट हो गए। पाकिस्तान की ओर से रिजवानउल्लाह ने तीन, निकाब शरीफ ने दो, जबकि अली रजा, मोहम्मद सय्याम और हसनैन अब्बास दार ने एक-एक विकेट लिया।

उस्मान के शतक से पाक का विशाल स्कोर

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 337 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज उस्मान खान और हयाम खान ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। नौवें ओवर में काव्य परेश पटेल ने हयाम (21) को आउट किया। इसके बाद अब्दुल कादिर ने उस्मान के साथ दूसरे विकेट के लिए 135 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में अर्जुन राजपूत ने अब्दुल कादिर (54 गेंद, 80 रन, तीन चौके, आठ छक्के) को पवेलियन भेजा। 37वें ओवर में पटेल ने शतक बना चुके उस्मान (111 गेंद, 107 रन, 11 चौके, तीन छक्के) को आउट किया। 45वें ओवर में कप्तान फरहान यूसुफ (63) पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। भारत की ओर से काव्य परेश पटेल ने चार, चिगुरुपति वेंकटा ने तीन और अर्जुन राजपूत ने एक विकेट झटका।

सहवाग ने सबसे ज्यादा रन बनाए

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन आर्यवीर सहवाग ने बनाए। वे पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे हैं। उन्होंने 5 मैचों में 361 रन बनाया।

नूर के नाम सबसे ज्यादा विकेट

अफगानिस्तान के नूर अली ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लिए। उन्होंने 4 मैच में 14 विकेट चटकाए। भारत के लिए ईशान सूद ने 4 मैच में 11 विकेट लिए।

फुटबॉल; मेसी के संन्यास के बाद अपने पहले मैच में अर्जेंटीना हारा

ब्यूनस आयर्स (वार्ता)। एक फ्रेंडली मैच में उरुग्वे ने अर्जेंटीना को 2-1 से हरा दिया। उरुग्वे ने दूसरे हाफ में दो गोल किए। यह मैच लियोनेल मेसी के संन्यास के बाद के दौर का पहला मुकाबला था। जॉर्जियन डी अरास्काएटा की फ्री-किक के दौरान लियोनार्डो बालेर्डी से गलती हो गई और गेंद उनके अपने ही नेट में चली गई, जिससे उरुग्वे को बढ़त मिल गई। इसके बाद, डी अरास्काएटा के कॉर्नर किक पर मैक्सिमिलियानो अराउजो ने हेडर के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के कोने में पहुंचा दिया। 73वें मिनट में अर्जेंटीना के जूलियन अल्वारेज ने एक गोल वापस किया। जियानलुका प्रेस्टियानी के क्रॉस पर अल्वारेज ने पहली बार में ही शॉट मारा, जो गोल पोस्ट से टकराकर अंदर चला गया।



वैभव सूर्यवंशी बने दुनिया के सबसे युवा टी-20 कप्तान; पहले ही मैच में सौराष्ट्र टीम से मिली हार

इंदौर (वार्ता)। भारत के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का नया सीजन आज से शुरू हो गया। शनिवार को 19 मैच हो रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा कप्तान होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। वैभव सूर्यवंशी ने टी 20 में सबसे कम उम्र के रूप में कप्तान बनकर नया रिकॉर्ड तो बनाया लेकिन उनकी टीम बिहार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शनिवार को सौराष्ट्र के हाथों एलीट ग्रुप बी मैच में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

सूर्यवंशी खुद भी बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 18 रन बनाकर



आउट हो गए। उन्होंने 12 गेंदों की अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। बिहार की तरफ से पृथ्वी राज ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। बिहार की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। सौराष्ट्र ने 16.3 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया।

सौराष्ट्र की तरफ से हरवंश पंगालिया ने सर्वाधिक 33 रन बनाये जबकि रुचित अहीर और सिद्धांत राणा ने नाबाद 21-नाबाद 21 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र के चेतन सकारिया को 33 रन पर तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

अंडर-19 टीम की क्रिकेटर ने रिश्तेदार के घर लगाई फांसी

तेलंगाना के विकाराबाद जिले में बीसीसीआई अंडर-19 टीम में चुनी गईं 17



साल की क्रिकेटर नंदिनी ने सुसाइड कर लिया है। वे यहां अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई और क्रिकेट की तैयारी कर रही थीं। इस घटना के विरोध में उनके रिश्तेदारों ने प्रदर्शन किया। घटना शुक्रवार की है। परिजन का आरोप है कि इलाके में रहने वाला युवक अनिल प्यार के नाम पर नंदिनी का पीछा करता था। अनिल का दोस्त कृष्णा उसका साथ देता था। नंदिनी मूल रूप से विकाराबाद जिले के यलाल मंडल के संगयापल्ली गांव की रहने वाली थीं।

जापान मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

अल्वी फरहान को 3 गेम में हराया; सीजन के दूसरे खिताब से एक जीत दूर

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में खेले गए सेमीफाइनल में लक्ष्य ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराया। तीन गेम तक चले इस मुकाबले को जीतने में लक्ष्य को एक घंटा 9 मिनट का समय लगा। अब वे खिताब से एक जीत दूर हैं। फाइनल में उनका सामना कोकी वातानाबे या पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत वितिदसार्न से होगा।

पहला और तीसरा गेम जीतकर फाइनल में पहुंचे : लक्ष्य ने पहले गेम में शानदार शुरूआत की और 21-12 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में अल्वी फरहान ने वापसी करते हुए 21-15 से गेम अपने नाम किया। इसके बाद निर्णायक गेम में लक्ष्य ने आक्रामक खेल दिखाया और 21-11 से जीत हासिल कर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया।



हाइलो ओपन जीतकर खत्म किया था खिताब का सूखा : जापान मास्टर्स से पहले लक्ष्य ने जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीता था। फाइनल में उन्होंने इंडोनेशिया के डिफेंडिंग चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से हराया था। यह इस सीजन का उनका पहला और करियर का सातवां इंटरनेशनल खिताब था। अब जापान मास्टर्स में भी वे उसी लय को बरकरार रखे हुए हैं।

महाराष्ट्र और हरियाणा इंटर-स्टेट टीम इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे

गंगटोक (वार्ता) 49वीं योनेक्स-सनराइज जूनियर (अंडर-19) नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरूआत शनिवार को यहाँ हुई। यह भारतीय बैडमिंटन के लिए एक अहम पड़ाव है, क्योंकि यह देश की पहली ऐसी नेशनल चैंपियनशिप है, जिसमें चेयर अंपायरों का पूरा पैनल महिलाओं का है। इस प्रतिष्ठित नेशनल चैंपियनशिप में अंपायरिंग के लिए देश भर से कुल 17 अंपायरों को चुना गया है। इन अंपायरों का चयन इस साल की शुरूआत में जयपुर में आयोजित 'ऑल इंडिया रैंकिंग टूर्नामेंट (अंडर-15/अंडर-17)' में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इंटर-स्टेट टीम इवेंट दो दिनों तक चलेगा, जबकि व्यक्तिगत इवेंट 16 नवंबर से शुरू होंगे। खेल और युवा मामलों के माननीय मंत्री, राजू बसनेत ने कहा, सिक्किम जैसे खूबसूरत और शानदार राज्य में पूरे भारत से प्रतिभागियों का आना हम सभी के लिए बड़े सम्मान की बात है।" पूरी तरह से महिलाओं वाले चेयर अंपायरिंग पैनल के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट में महिला अंपायरों की टीम का होना यह दिखाता है कि सिक्किम महिला सशक्तिकरण में सबसे आगे है, और यह उस दिशा में एक और कदम है।

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाज बरार को मौका कुलदीप बाहर, पंत टीम से जुड़े; 19 नवंबर से पहला टेस्ट

तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वहीं, स्पिनर कुलदीप यादव को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। वे अब भारत में घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को टीम में बदलाव की जानकारी दी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी वेलिंगटन में टीम से जुड़ गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होगा। शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि केएल राहुल उपकप्तान होंगे।

गुरनूर इस साल वनडे में भारत के टॉप विकेटटेकर : गुरनूर इस साल वनडे में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2026 में अब तक 13 मैचों में 23 विकेट लिए हैं। उनका इंटरनेशनल डेब्यू इसी साल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में हुआ था। गुरनूर ने अभी तक टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू नहीं किया है।



गुरनूर पांचवां वनडे नहीं खेलेंगे : गुरनूर अब टेस्ट टीम के साथ जुड़ेंगे। इस वजह से वे न्यूजीलैंड के खिलाफ 5वां वनडे नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह वनडे टीम में किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है।

5वें वनडे के लिए भारत की टीम : श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर और उपकप्तान), अक्षर पटेल, नमन धीर, आकिब नबी, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर और कुलदीप यादव।

भा.क.नि.
भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उपक्रम-वस्त्र मंत्रालय/A Government of India Undertaking-Ministry of textiles)
शाखा कार्यालय : श्रीगंगानगर (राजस्थान)/Branch Office : SRI GANGANAGAR (RAJASTHAN)
सीआईएन/CIN: U51490MH1970GOI014733

कपास किसानों से अपील/APPEAL TO COTTON FARMERS

भारतीय कपास निगम लिमिटेड (CCI), शाखा कार्यालय श्रीगंगानगर के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत संचालित सभी कपास खरीद केंद्रों पर कपास फसल 2026-27 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर कपास विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

MSP पर अपनी कपास उपज CCI को विक्रय करने के इच्छुक सभी पात्र पंजीकृत किसानों से अनुरोध है कि वे ''कपास किसान'' मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना स्लॉट बुक करें तथा आवंटित तिथि पर अपने संबंधित नजदीकी कपास खरीद केंद्र पर पहुंचकर अपनी कपास का विक्रय करें।

जिन किसानों ने अभी तक ''कपास किसान'' मोबाइल ऐप पर अपना पंजीकरण नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे CCI की MSP खरीद योजना का लाभ उठाने हेतु दिनांक 31.12.2026 तक अपना पंजीकरण अवश्य पूर्ण कर लें।

Slot booking for sale of cotton under the MSP Scheme for Cotton Season 2026–27 is OPEN at all CCI procurement centres under the jurisdiction of B.O. Sriganganagar.

Eligible registered farmers intending to sell their cotton to CCI at MSP are requested to book their slots through the Kapas Kisan Mobile App and visit their nearest procurement centre on the allotted date.

Farmers who have not yet completed self-registration on the Kapas Kisan Mobile App are requested to complete the same by 31.12.2026 to avail the benefit of MSP procurement by CCI.

- शाखा प्रमुख /Branch Head

राष्ट्रीय बाल दिवस पर सीडब्ल्यूसी की सख्त कार्रवाई: जोखिम भरे कार्य से मुक्त कराई गईं दो नन्हीं बच्चियां, छत्तीसगढ़ लौटने के निर्देश

सीमा सन्देश # रावतसर। राष्ट्रीय बाल दिवस को सार्थक बनाते हुए सीडब्ल्यूसी बेंच मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने रावतसर में दो नन्हीं बच्चियों को जोखिम भरे कार्यों से निजात दिलाई।

ये बच्चियां राहगीरों को खेल दिखाने के नाम पर हाई-रिस्क रस्से पर चलने जैसे खतरनाक स्टंट करती थीं, जो कि भावनात्मक रूप से बाल भिक्षावृत्ति की श्रेणी में आता है। मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने बच्चियों के परिवारजनों को कड़ाई से पाबंद करते हुए 24 घंटों के भीतर अपने गृह राज्य छत्तीसगढ़ लौटने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने परिजनों को बच्चियों को



अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलवाने के लिए भी निर्देशित किया। मजिस्ट्रेट गोयल ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे घुमंतू परिवारों को जो बच्चों से खतरनाक और जोखिम भरे स्टंट करवाते हैं, नगद पैसे बिल्कुल न दें। यदि लोग नगद पैसे देना बंद कर देंगे, तो ये लोग बच्चों से ऐसा जोखिम भरा कार्य नहीं करवाएंगे। आपकी एक छोटी सी जागरूकता से सैंकड़ों बच्चों का बचपन बचाया जा सकता है।

ग्राम पंचायत गंधेली के नंद घर में मनाया बाल दिवस

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत गंधेली के नंद घर में बाल दिवस का पर्व बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वेदांता ग्रुप एवं जतन संस्थान द्वारा संचालित नंद घर परियोजना के अंतर्गत आने वाली न्यौलखी की आंगनबाड़ी क्रमांक बी/सी में संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नंद घर परियोजना के क्लस्टर सुपरवाइजर मनीष अरोड़ा ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, पोषण एवं रचनात्मक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कान्ता शर्मा, सोनू देवी तथा सहायिका सावित्री, गुड्डी, प्रियंका एवं सोनू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व कार्यकताओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सीखने की रुचि को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया और बाल दिवस की शुभकामनाएं दी।

कॉमनवेल्थ कुश्ती गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी पलक कारेला



सीमा सन्देश # भादरा। क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि श्री श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा पलक कारेला पुत्री राकेश कुमार ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। पलक आगामी 4 से 10 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ कुश्ती गेम्स में 40 किलोग्राम भार वर्ग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम में चयन के लिए पलक ने गत 6 नवंबर को इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित चयन ट्रायल में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा की पहलवानों को मात देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पलक की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे भादरा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरनाथ शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य अमरनाथ शर्मा ने कहा कि पलक की सफलता विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि पलक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाएंगी। पलक की यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

सरदारपुरा जीवन में 72 प्रतिशत मतदान के साथ चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न



सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत सरदारपुरा जीवन में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रही।

पूरे दिन मतदान केंद्र पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाई।ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुल 2513 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 1830 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार कुल 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान प्रतिशत 70 के पार पहुंचने से ग्रामीणों में लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। चुनाव व्यवस्था रही चाक-चौबंदनिष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए चुनाव कर्मियों ने शुक्रवार दोपहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारपुरा जीवन स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर चुनाव व्यवस्थाओं की कमान संभाल ली थी। इसके बाद शनिवार सुबह निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया शुरू करवाई गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लालगढ़ जाटान थाना पुलिस का जाब्ता पूरे दिन मतदान केंद्र पर तैनात रहा। पुलिस एवं चुनाव कर्मचारियों की मुस्तैदी के चलते मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सोमवार को सरपंच चुनाव पर रहेंगी निगाहें 72 प्रतिशत मतदान होने के बाद अब ग्रामीणों और राजनीतिकए जानकारों की निगाहें सोमवार को होने वाले सरपंच पद के चुनाव पर टिक गई हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव में ग्रामीणों की बढ़-चढ़कर भागीदारी को देखते हुए सरपंच चुनाव में मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

चौथे चरण के मतदान में उमड़ा उत्साह

हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, टिब्बी और रावतसर में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान





सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत शनिवार को जिले की चार पंचायत समितियों हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, टिब्बी और रावतसर में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए चौथे चरण का मतदान उत्साहपूर्ण माहौल में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चला। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई। दिन चढ़ने के साथ मतदान प्रतिशत में तेजी आई। अपराह्न 3 बजे तक जिले में 62.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सुबह 10 बजे तक जिला परिषद सदस्य पद के लिए 21.21 प्रतिशत तथा पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 21.20 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस दौरान हनुमानगढ़ टाउन में 20.75, रावतसर में 20.13, संगरिया में 22.41 और टिब्बी में 21.38 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दोपहर 1 बजे तक जिले में मतदान का आंकड़ा 44.20 प्रतिशत पहुंच गया। इसके बाद अपराह्न 3 बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़कर 62.61 हो गया। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। जिले के चारों पंचायत समितियों के 415 मतदान केन्द्रों पर पुलिसकर्मी एवं होमगार्ड सहित कुल 830 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। इसके अलावा 120 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर एक अधिकारी और तीन पुलिसकर्मियों का जाप्ता लगाया गया। जिले में 32 मतदान केन्द्रों को अति संवेदनशील चिह्नित किया गया था। इनमें संगरिया के 8, टिब्बी के 6, हनुमानगढ़ टाउन के 6 और रावतसर के 12 मतदान केंद्र शामिल थे। इन केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 40 मोबाइल पुलिस पार्टियां और 20 पुलिस सुपरवाइजरी अधिकारी भी लगाए गए। अब 16 नवम्बर को चारों पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पदों के लिए मतदान होगा। इसके अगले दिन उपसरपंच पद का चुनाव करवाया जाएगा।

जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना 20 नवम्बर को प्रातः 8 बजे जिला मुख्यालय पर होगी।

पंजाब-हरियाणा सीमा पर चौकसी

चुनाव के दौरान शराब एवं मादक पदार्थों की आवाजाही रोकने के लिए पंजाब और हरियाणा सीमा पर छह स्थायी सशस्त्र नाके स्थापित किए गए। ये नाके 13 से 16 नवम्बर तक चौबीस घंटे संचालित रहेंगे। इसके अलावा पुलिस थानों में रिजर्व जाप्ता भी तैनात रखा गया। चुनाव संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया।

पर्यावरण प्रेमी ने नव-निर्वाचित सरपंच को भेंट की 3 महान पुरुषों की तस्वीरें



सीमा सन्देश # चारणवासी। गांव के पर्यावरण प्रेमी डॉ. रोहिताश मेहरा ने ग्राम पंचायत चारणवासी के नव-निर्वाचित सरपंच सुभाषचंद्र भांभू को पंचायत कार्यालय में स्थापित करने के लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और भगत सिंह की तस्वीरें सप्रेम भेंट कीं। सरपंच ने पर्यावरण प्रेमी का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान सुंदर भांभू ने सरपंच को एक स्पेशल पेन भेंट किया, जिससे नव-निर्वाचित सरपंच ने रजिस्टर में आधिकारिक हस्ताक्षर कर अपने कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मलवानी के नव-निर्वाचित सरपंच मनीष डूडी, भूतपूर्व सरपंच ओंकार सिंह राठौड़, हीरालाल भूंकल और पूर्व पंस सदस्य ओपी पूनियां ने चारणवासी सरपंच को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।

थालड़का क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज, आसमान में छाए बादल



सीमा सन्देश # थालड़का। क्षेत्र में शनिवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और देखते ही देखते आसमान बादलों से ढक गया। मौसम में आए बदलाव के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को ठंडक का अहसास होने लगा। आसमान में छाए बादलों को देखकर किसानों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। इन दिनों खेतों में रबी की फसलों की बुवाई का दौर चल रहा है। ऐसे में किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते बारिश हो जाती है तो चना, गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी फसलों को फायदा मिलेगा। खेतों में नमी बढ़ने से फसलों की बढ़वार अच्छी होगी और बेहतर पैदावार की संभावना भी बनेगी। किसानों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं। बादलों की मौजूदगी ने बारिश की उम्मीद जरूर जगाई है, लेकिन अच्छी फसल के लिए समय पर मावठ होना जरूरी है।

तीन बार हुई बूंदाबांदी : टोपरियां। क्षेत्र के गांव ढंढेला, देईदास और ढाणी लाल खां में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शनिवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। सुबह करीब 10 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे भी बूंदाबांदी का दौर चला। दिनभर बादल छाए रहने से सूर्य के दर्शन नहीं हुए। हल्की बूंदाबांदी और तापमान में गिरावट आने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पिछले कई दिनों से गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान थे। हालांकि बारिश तेज नहीं हुई, लेकिन मौसम में ठंडक घुलने से लोगों ने राहत महसूस की। वहीं किसानों का कहना है कि इस समय क्षेत्र में अच्छी बारिश की बेहद जरूरत है। रबी की फसलों को बारिश का इंतजार है।


किसानों को उम्मीद है कि मौसम में आए बदलाव के साथ अच्छी बारिश होगी, जिससे फसलों को फायदा मिल सकेगा।

मिर्जावाली मेर में 85.84 प्रतिशत मतदान, 4662 मतदाताओं ने डाले वोट, 20 को खुलेगा प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा

जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत चौथे चरण में शनिवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मिजार्वाली मेर में मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। मिजार्वाली मेर में कुल 5,431 मतों में से 4,662 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस प्रकार गांव में 85.84 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आसपास के गांवों में भी मतदान शांतिपूर्ण रहा। रिटर्निंग अधिकारी दौलतराम ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं, पोलिंग एजेंटों एवं मतदान कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। जिला परिषद क्षेत्र संख्या 23 से भाजपा प्रत्याशी रजनीश कुमार, कांग्रेस प्रत्याशी स्थान भिड़सरा,



बसपा प्रत्याशी दशरथ तथा निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम सारण का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। वहीं पंचायत समिति क्षेत्र संख्या 9 से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णलाल गोदारा, माकपा प्रत्याशी रणवीर कुलड़िया, लोकप प्रत्याशी भूप सिंह एवं निर्दलीय प्रत्याशी लालचंद के चुनावी भाग्य का फैसला भी ईवीएम में बंद हो गया। इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाली मतगणना के बाद होगा।

सरपंच व पंच पदों के लिए 16 को मतदान

राज्य निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में शामिल ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पदों के लिए 16 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए रविवार, 15 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी दौलतराम ने बताया कि ग्राम पंचायत मिजार्वाली मेर में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए रविवार सुबह 8 से 11 बजे तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इसके तुरंत बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

लालपुरा, गांधीनगर और बुधवालिया में शांतिपूर्ण मतदान, मतदाताओं में दिखा उत्साह



सीमा सन्देश # टोपरियां। पंचायतीराज चुनाव के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में लालपुरा, 25 आरडब्ल्यूडी (गांधीनगर) और बुधवालिया के मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। तीनों गांवों में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। पुरुषों के साथ महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाई। लालपुरा में कुल 2,217 मतदाताओं में से 1,716 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां 76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं 25 आरडब्ल्यूडी (गांधीनगर) में कुल 2,126 मतदाताओं में से 1,763 ने वोट डाले, जिससे मतदान प्रतिशत 85 रहा। बुधवालिया में 2,883 मतदाताओं में से 2,046 ने मतदान किया और यहां 82 प्रतिशत मतदान हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें देखने को मिलीं।

विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। शाम 5 बजे के बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या में कमी आई।

चुनाव के दौरान गांवों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। रिपोर्टर सुरेंद्र कुमार गोदारा ने दो मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिस विभाग ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया तथा प्रत्येक बूथ पर बीएलओ ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

महिला फैकल्टी एवं स्टाफ के लिए मोटिवेशनल इंटरेक्शन सेशन आयोजित, आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का किया आह्वान

महिलाएं अपनी पहचान बनाएं, सपनों को दें प्राथमिकता : डॉ. नेहा यादव

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में शनिवार को महिला फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों के लिए मोटिवेशनल इंटरेक्शन सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. नेहा यादव रहीं। सत्र में विश्वविद्यालय की महिला फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. नेहा यादव ने महिलाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, स्वयं की पहचान बनाने और अपनी क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाएं जीवन की कठिनाइयों और सामाजिक परिस्थितियों को लेकर चिंतित रहती हैं, जबकि जीवन को देखने का नजरिया बदलने से बहुत कुछ बदला जा सकता है। उन्होंने रोचक अंदाज में कहा कि लोग अक्सर केवल अपनी सब्जी बदलते





हैं, जबकि जरूरत जीवन बदलने की होती है। छोटी-छोटी बातों में उलझने के बजाय अपनी सोच, आदतों और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन बहुत छोटा है, इसलिए इसे खुशियों और आनंद के साथ खुलकर जीना चाहिए। दूसरों की बातों और नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी नहीं होने देना चाहिए। महिलाओं को अच्छी और सकारात्मक बातों के लिए अपने कान खुले रखने चाहिए तथा किसी का अपमान करने से बचना चाहिए। परिस्थितियों के दबाव में अपने आत्मसम्मान और व्यक्तित्व को कमजोर नहीं होने देना चाहिए। डॉ. यादव ने महिलाओं के बीच आपसी सहयोग की भावना विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि यह धारणा सही नहीं है कि एक महिला ही दूसरी महिला की दुश्मन होती है। महिलाओं को एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी बनने के बजाय सहयोगी बनना चाहिए और एक-दूसरे की सफलता एवं प्रगति में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला के भीतर अपार शक्ति, प्रतिभा और संभावनाएं छिपी होती हैं। जरूरत उन क्षमताओं को पहचानकर सही दिशा में उपयोग करने की है। महिलाओं का जीवन केवल जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी अपनी इच्छाएं, सपने और लक्ष्य भी हैं। इसलिए उन्हें अपने जीवन का उद्देश्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जब महिला स्वयं पर ध्यान देना शुरू करती है और अपनी खुशियों, सपनों एवं प्राथमिकताओं को महत्व देती है, तभी वह सही मायनों में जीवन जीना शुरू करती है। स्वयं के लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं, बल्कि स्वयं के प्रति जिम्मेदारी है। आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने वाली महिला न केवल अपना जीवन बेहतर बनाती है, बल्कि परिवार, कार्यस्थल और समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत बनती है। सत्र के दौरान डॉ. नेहा यादव ने अपने अनुभवों एवं विचारों के माध्यम से महिलाओं को जीवन की चुनौतियों का सामना हिम्मत, समझदारी और मुस्कान के साथ करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों में आत्मविश्वास, सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सहयोग और व्यक्तिगत विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस मौके पर डॉ. स्वाति ओझा एवं डॉ. शिखा रहेजा सहित महिला फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहीं।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शाल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर किया सम्मान



सीमा सन्देश # सूरांवाली। ग्राम पंचायत सदासिंह वाला (6 एलजीडब्ल्यू) की नवनिर्वाचित सरपंच सपना, उपसरपंच मनदीप कौर एवं वार्ड पंच बलवंतराम का सीताराम प्रजापत की ओर से शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत-सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सुमेर चन्द, नोरंगलाल, रामेश्वर लाल, किरणजीत कौर, बुधराम प्रजापत, राजाराम, बोडसिंह, सिकन्दर शाह, उस्मान शाह, हरप्रीत सिंह, नाजम सिंह, राजाराम मालिण्डा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सीताराम प्रजापत ने सभी अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की तथा उपस्थित ग्रामीणों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

आयोजन में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की भावना देखने को मिली।

जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में सुबह से ही दिखा मतदाताओं का उत्साह, गांवों में दिनभर रही चहल-पहल, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने निभाई लोकतंत्र में भागीदारी

ग्रामीणों ने उत्साह और उमंग के साथ किया मतदान, बूथों पर लगी कतारें







सीमा सन्देश # टिब्बी

पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्यों के चुनाव को लेकर शनिवार को टिब्बी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मतदान रूपी लोकतंत्र का उत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मतदान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह सात बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही विभिन्न गांवों के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। सुबह के समय मतदान की गति अच्छी रही तथा दिन चढ़ने के साथ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही लगातार बनी रही। मतदान के चलते गांवों में दिनभर चहल-पहल का माहौल रहा।

मतदान को लेकर महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कई मतदान केंद्रों पर महिलाएं समूह में पहुंचकर मतदान करती नजर आईं, वहीं बुजुर्ग मतदाता भी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए मतदान केंद्रों तक पहुंचे।

पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। युवा मतदाता अपने साथियों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि बुजुर्ग मतदाता अपने परिजनों का सहारा लेकर मतदान केन्द्रों पर पहुंचें तथा अपने मताधिकार का उपयोग किया।

मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की कतारें लोकतंत्र के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता और भागीदारी का संदेश देती नजर आईं। संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनियां ने क्षेत्र के गांव चार केएसपी के मतदान केन्द्र पर मतदान किया।

समय के साथ बढ़ता गया मतदान का प्रतिशत : टिब्बी क्षेत्र में सुबह से ही मतदान की गति बनी रही। मतदान के शुरूआती घंटों में मतदाताओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार सुबह 10 बजे तक क्षेत्र में 21.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद दोपहर एक बजे तक मतदान का प्रतिशत बढकर 43.79 हो गया, जबकि दोपहर तीन बजे तक 63.65 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। मतदान प्रतिशत में लगातार हुई बढ़ोतरी से चुनाव को लेकर ग्रामीणों के उत्साह का अंदाजा लगाया जा सकता है।

122 बूथों पर हुआ मतदान : पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के चुनाव को लेकर टिब्बी क्षेत्र में कुल 122 मतदान बूथ बनाए गए थे। इन बूथों पर कुल एक लाख 13 हजार 984 मतदाता पंजीकृत थे। प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मतदान केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती के साथ ही पुलिस बल भी मौजूद रहा।

क्षेत्र के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया तथा विशेष निगरानी रखी गई। मतदान केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की सक्रियता भी देखने को मिली। प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने पक्ष में मतदान को लेकर ग्रामीणों से संपर्क करते नजर आए। हालांकि मतदान केंद्रों के निर्धारित दायरे में चुनावी नियमों की पालना और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से निगरानी रखी गई। पुलिसकर्मियों ने मतदान केंद्रों के आसपास व्यवस्था बनाए रखी, जिससे मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से चलती रही।

22 वार्डों में हुआ पंचायत समिति सदस्यों का चुनाव : टिब्बी पंचायत समिति के कुल 23 सदस्यों के लिए चुनाव प्रक्रिया निर्धारित की गई थी। इनमें से वार्ड सं?या 21 से सदस्य का निर्विरोध निर्वाचन पहले ही हो चुका है। इसके चलते शनिवार को शेष 22 वार्डों में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए मतदान करवाया गया। इन 22 वार्डों में कुल 61 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रत्येक प्रत्याशी और उसके समर्थकों की नजर मतदान प्रतिशत और मतदाताओं की भागीदारी पर टिकी रही। चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से राजनीतिक सरगर्मियां तेज थीं और मतदान के दिन इसका असर भी देखने को मिला।

चाहूवाली में बदली गई ईवीएम मशीन : मतदान प्रक्रिया के दौरान गांव चाहूवाली स्थित मतदान केंद्र संया 56 पर मॉक पोल के बाद ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। इसकी सूचना मिलने पर चुनाव अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ईवीएम का पूरा सेट बदलवाया। एसडीएम बाबूलाल रेगर के अनुसार मशीन में खराबी की सूचना मिलते ही नया सेट उपलब्ध करवाकर मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू करवा दी गई। इस दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान : एसडीएम बाबूलाल रेगर ने बताया कि टिब्बी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाया गया। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात कर विशेष निगरानी रखी गई थी। पुलिस एवं प्रशासन की टीमों ने लगातार क्षेत्र में व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान ग्रामीणों ने भी पुलिस एवं प्रशासन का भरपूर सहयोग किया। कहीं से भी अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

कॉलेज में जमा करवाई गईं ईवीएम : शनिवार शाम को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ईवीएम मशीनों को सील किया गया। इसके बाद क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच टिब्बी कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में जमा करवाया गया। मतदान संपन्न होने के साथ ही अब प्रत्याशियों की निगाहें मतगणना और चुनाव परिणाम पर टिक गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी चचाओं का दौर भी तेज हो गया है तथा प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदान होने के दावे करते नजर आए।

हॉट सीट बनी जिला परिषद के जोन 24 की सीट : टिब्बी क्षेत्र में जिला परिषद का जोन 24 हॉट सीट बना हुआ है। इस जोन में कांग्रेस की शबनम गोदारा तथा भाजपा की गुलाब सींवर के बीच सीधा मुकाबला है। क्षेत्र में दोनों ही कद्दावर नेता के तौर पर पहचान रखती है तथा पिछले कई दिनों से दोनों ही अपने समर्थको के साथ इस जोन के गांवों में जनसंपर्क में जुटी हुई है। शबनम गोदारा पूर्व में उपजिला प्रमुख तथा गुलाब सींवर जिला परिषद सदस्य रह चुकी है। शबनम गोदारा ने शनिवार को राठीखेड़ा के मतदान केन्द्र पर जबकि गुलाब सींवर ने मसीतांवाली के मतदान केन्द्र पर मतदान किया।

लोकतंत्र के प्रति जज्बा हो तो ऐसा!

98 वर्ष की उम्र में चावली देवी ने किया मतदान



सीमा सन्देश # संगरिया। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोलांवाली में लोकतंत्र के महापर्व के दौरान एक प्रेरणादायक तस्वीर देखने को मिली। गांव की 98 वर्षीय बुजुर्ग महिला चावली देवी ने उम्र के इस पड़ाव पर भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संगरिया बार संघ के एडवोकेट नरेश मंडा ने कहा कि चावली देवी का यह उत्साह लोकतंत्र के प्रति उनकी जागरूकता, जिम्मेदारी और मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाता है। उनका मतदान करना युवा पीढ़ी के लिए भी एक शानदार संदेश है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर एक वोट की अहमियत है।

थालड़का : शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान



सीमा सन्देश # थालड़का। पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए थालड़का क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह मतदान शुरू होते ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। दिनभर महिला, पुरुष और युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचते रहे।मतदान के दौरान पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जाप्ता तैनात रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के साथ मतदाताओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। आरओ गोपाल ने बताया कि थालड़का में जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। थालड़का : 84.17 प्रतिशत, चहुवाली : 77.62 प्रतिशत भूरानपुरा : 82.87 प्रतिशत, सरदारपुरा खालसा : 85 प्रतिशत,बुधवालिया : 82 प्रतिशत, रामपुरा उर्फ रामसरा : 82.49 प्रतिशत, क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान सरदारपुरा खालसा में 85 प्रतिशत तथा सबसे कम मतदान चहुवाली में 77.62 प्रतिशत दर्ज किया गया। कुल मिलाकर सभी गांवों में मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाई।

जंडावाली : वार्ड 17,18 व 19 में चला सफाई कार्य, सरपंच ने नियमित सफाई पर दिया जोर



सीमा सन्देश # जंडावाली। ग्राम पंचायत जंडावाली में नवनिर्वाचित सरपंच वीरपाल कौर रंगारा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद गांव में सफाई कार्य शुरू करवाया गया। शनिवार को वार्ड नंबर 17, 18 एवं 19 में रहीस खान के घर के पास से लेकर सरपंच पति सुखमंदर सिंह रंगारा के घर के पास तक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सरपंच वीरपाल कौर रंगारा ने कहा कि गांव की गलियों में नियमित रूप से रोजाना सफाई होनी चाहिए, ताकि स्वच्छता बनी रहे और ग्रामीणों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके। उन्होंने गांव में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

जिले में 78.67 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान



सीमा सन्देश # रावतसर। जिले की 4 पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 3.08 लाख से अधिक मतदाताओं ने वोट डाले। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में चौथे चरण में शामिल 4 पंचायत समितियों में शनिवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। जिले में इन पंचायत समितियों में जिला परिषद के लिए पंजीकृत कुल 3 लाख 93 हजार 176 मतदाताओं में से 3 लाख 8 हजार 749 मतदाताओं और 77 पंचायत समिति सदस्यों के लिए पंजीकृत 3 लाख 88 हजार 900 मतदाताओं में से 3 लाख 5 हजार 965 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जिले में जिला परिषद सदस्य पदों के लिए 78.53 और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 78.67% मतदान दर्ज किया गया। चौथे चरण में हनुमानगढ़ टाऊन, संगरिया, रावतसर और टिब्बी पंचायत समितियां शामिल रहीं। इन क्षेत्रों में जिला परिषद के 13 वार्डों तथा पंचायत समितियों के कुल 77 सदस्य पदों के लिए 415 मतदान केंद्रों पर मतदान करवाया गया। मतदान के दौरान सभी क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही।

संगरिया में सर्वाधिक 79.84 प्रतिशत मतदान : पंचायत समिति वार मतदान के आंकड़ों के अनुसार संगरिया में 96 हजार 161 मतदाताओं में से 76 हजार 777 ने मतदान किया। यहां 79.84% मतदान दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ टा. में 98 हजार 983 मतदाताओं में से 77 हजार 884 ने वोट डाले और मतदान 78.68% रहा। रावतसर में 84 हजार 48 मतदाताओं में से 65 हजार 210 ने मतदान किया। यहां 77.59% मतदान हुआ। टिब्बी में 1 लाख 9 हजार 708 मतदाताओं में से 86 हजार 94 ने मतदान किया और मतदान 78.48% रहा। दरअसल, टिब्बी पंचायत समिति के वार्ड 21 से एकमात्र अभ्यर्थी कर्मजीत कौर का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इसके चलते चारों पंचायत समितियों के 78 पदों में से 77 पदों हेतु मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चौथे चरण में शामिल जिले की 4 पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच व 1234 पंच पद हेतु 16 को मतदान होगा। इसके लिए 15 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण : मतदान शुरू होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने चाईया, थालड़का, गंधेली, नौरंगदेसर सहित विभिन्न गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य पद के लिए चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न



सीमा सन्देश # रावतसर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान शांतिपूर्ण हुआ।

रावतसर पंचायत समिति में 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो इसलिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। म पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हुआ मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध रहा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस सेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने एवं उपयोग करने की अनुमति नहीं दी गई। इसी प्रकार प्रवेश नियंत्रित करने वाली सीमा और सुरक्षा बलों की घेराबंदी के भीतर भी ऐसे उपकरण ले जाने या उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। निदेर्शों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के उपकरण सुरक्षा प्रभारी अधिकारियों को चुनाव के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखी तथा सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश पालना की।

पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य पदों के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से करवाया गया जबकि सरपंच और पंच पदों के चुनाव बैलेट पेपर से होंगे।

निर्वाचन प्रक्रिया में सुरक्षा, गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। निर्वाचन अधिकारी उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

गांव ढाबा में 81.41 प्रतिशत मतदान, मशीनों से बन्द हुई प्रत्याशियों की किस्मत



सीमा सन्देश # ढाबां। पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव जिला हनुमानगढ़ के गांव ढाबा में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ढाबा में 9 बूथों पर कुल 8216 मतदाताओं में से 6689 मतदाताओं ने अपने वोट पोल किए इस प्रकार 81.41 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकतंत्र के इस पर्व को मतदाताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। मतदाता लोकतंत्र के प्रति जागरूक और अपनी जिम्मेवारी निभाने नजर आए। मतदान के दौरान बुजुर्ग मतदाताओं और विकलांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुँचाने के लिए व्हील चेयर का उपयोग किया गया। सुबह मतदान केंद्र पर उपखण्ड अधिकारी जय कौशिक ने मतदान केन्द्र पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस मोबाइल पार्टी और पुलिस जाब्ता ने अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाया और किसी तरह का कोई उल्लंघन या विवाद उत्पन्न नहीं होने दिया। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार, नायब तहसीलदार रणवीर फुलेजी, राजस्व पटवारी ममता रानी, समस्त बीएलओ सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

मलसीसर नवनिर्वाचित सरपंच रवीना गोदारा ने संभाला कार्यभार



सीमा सन्देश # बरवाली। गांव मलसीसर स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में नवनिर्वाचित सरपंच रवीना गोदारा ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सर्वसमाज को साथ लेकर गांव के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित उपसरपंच रामचंद्र मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी, नवनिर्वाचित वार्ड पंच, पूर्व सरपंच राजबाला मेहरड़ा, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार रामस्वरूप पूनिया सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान वार्ड पंचों का स्वागत किया गया।

किसानों को 16 दिन मिलेगा नहरी पानी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जल संसाधन विभाग ने हरियाणा सिंचाई विभाग से समन्वय कर अमरसिंह सब ब्रांच नहर में लगातार 16 दिन पानी चलाने की व्यवस्था की है। काजल हेड से राजस्थान के हिस्से का 400 क्यूसेक पानी उपलब्ध करवाया गया। अभियंताओं ने मौके पर निरीक्षण कर जल प्रवाह सुनिश्चित किया।

तलवाड़ा झील व बेहरवाला कलां में मतदान को लेकर दिखा जबरदस्त उत्साह

सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। पंचायतीराज चुनाव के तहत शनिवार को तलवाड़ा झील एवं बेहरवाला कलां के मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह 7 से 9 बजे तक मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। हल्की ठंड के बावजूद महिला, पुरुष और युवा मतदाता उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे। सुबह 11 बजे तक मतदान केंद्रों पर छोटी कतारें देखने को मिलीं, लेकिन इसके बाद धीरे-धीरे मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी। दोपहर 12 बजे तक तलवाड़ा झील एवं बेहरवाला कलां के मतदान केंद्रों पर करीब 30 से 35 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शाम 6 बजे तक मतदान प्रतिशत 79.80 दर्ज किया गया। मतदान केंद्रों के आसपास भी दिनभर चहल-पहल बनी रही। मतदान स्थलों से 200 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों की भारी भीड़ नजर आई और माहौल मेले जैसा दिखाई दिया। बेहरवाला कलां में लोकतंत्र के पर्व को लेकर युवाओं एवं महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान 90 वर्षीय वृद्ध महिला कलावती देवी, परवेज खान ने पहली बार मतदान किया, वहीं दिव्यांग लालाराम ने भी मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने सभी नागरिकों से चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अपने परिचितों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की। मतदान प्रक्रिया के दौरान रिपोर्टर बाबूलाल गोयल ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों गांवों के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा।

एमडी कॉलेज पल्लू में दो दिवसीय खेल आयोजन में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश



सीमा सन्देश # पल्लू। एमडी कॉलेज पल्लू में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

प्रतियोगिता में माय भारत टीम के सदस्यों, तेजस एकेडमी पल्लू तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तस्तरी फेंक एवं दौड़ सहित विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय संरक्षक श्रवण खालिया ने कहा कि विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए युवा पीढ़ी का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना बेहद आवश्यक है। महाविद्यालय निदेशक देवेंद्र खालिया ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय नहीं बनाता, बल्कि इससे पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर माय भारत टीम, तेजस एकेडमी पल्लू, महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त भारत बनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को महाविद्यालय प्रशासन एवं माय भारत टीम की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अश्विनी जाखड़, बीएड प्राचार्य डॉ. महावीर पूनियां, माय भारत टीम प्रभारी कमलेश पारीक, तेजस एकेडमी पल्लू के संचालक मोनू सिहाग सहित प्राध्यापक मेहरचंद वर्मा, चंद्रभान बिजारणिया, सुरेंद्र सहारण, भादरराम ढुकिया, राकेश खान भैरानी, धनराज सुथार, निशांत शर्मा, दीनदयाल वर्मा, विनोद गंडास, रामचंद्र सहारण, अजय सिहाग, मुकेश गोदारा, शिम्भूदयाल पारीक, काशी, विपिन, लखविंद्र सिंह, लवप्रीत सिंह, दीनदयाल जोशी, पूनमचंद गोस्वामी, रोहिताश नैण, प्रकाश बेनीवाल एवं दुनीराम सहित महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

गोसेवा के लिए 11 हजार का सहयोग



सीमा सन्देश # बरवाली। बलवंत बेनीवाल पुत्र नीकुराम बेनीवाल की पुत्री के गोद भराई (सगाई उत्सव) समारोह में उनके संबंधी दौलतराम कस्वां निवासी झाड़सर, तहसील तारानगर, जिला चूरू ने गौसेवा एवं धर्मार्थ कार्यों के लिए श्री राधे कृष्ण गौ सेवा समिति रामगढ़ को 11 हजार रुपए की नकद राशि भेंट की। इस सहयोग के लिए समिति पदाधिकारियों ने दौलतराम कस्वां का तहेदिल से आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति की ओर से उन्हें सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

चलती बाइक के पहिए में उलझी चुन्नी, गले का फंदा बनने से महिला की मौत

मतदान कर लौटते समय हुआ हादसा

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

कस्बे में शनिवार को एक अत्यंत दर्दनाक और झकझोर देने वाला हादसा सामने आया। बाइक पर अपने पति के साथ पीछे बैठी एक 30 वर्षीय युवती की उस वक्त मौत हो गई, जब चलती बाइक के पिछले पहिए में उसकी चुन्नी लिपट गई।



चुन्नी के गले में कसने से वह एक घातक फंदे में बदल गई, जिससे युवती की सांसें थम गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव 12 एफए निवासी मनफूल राम मेघवाल की पत्नी निर्मला देवी (लगभग 30 वर्ष) अपने मताधिकार का प्रयोग (वोट) करने के बाद श्रीकरणपुर स्थित दुर्गा मंदिर के पास अपनी बुटीक पर आ रही थी। वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी हुई थी। रास्ते में अचानक उनकी चुन्नी का एक हिस्सा हवा में लहराते हुए बाइक के पिछले पहिए में जा उलझा। पहिए की तेज गति के कारण चुन्नी पलभर में पहिए में इस कदर लिपट गई कि उसने निर्मला देवी के गले को कसकर जकड़ लिया और वह बाइक से नीचे झूल गई। इसहादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में गंभीर और अचेत अवस्था में निर्मला देवी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. अजय प्रकाश चौधरी ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस अचानक हुए हादसे ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ कर रख दिया है। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गई है। इस हृदयविदारक घटना की खबर मिलते ही मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

सादुलशहर: सालाना दीवान एवं भंडारा 19 को

सीमा सन्देश # सादुलशहर

व्यापार मंडल के समीप श्री पीर मंदिर में श्री अखिल भारतीय पीर मंदिर संस्था की ओर से बाबा लखदाता पीर साहिब व बाबा मलेरकोटला वाले पीर साहिब का 27 वां शुभ सालाना दीवान एवं भंडारा 19 नवंबर गुरुवार को धार्मिक विधि-विधान के साथ होगा। गद्दीदार बाबा सतपाल गोयल नगराने वाले के सान्निध्य में कार्यक्रम संपन्न होगा। सेवादार प्रेम गर्ग, रजत सिंगला एवं संस्था के पूर्व प्रधान गोपाल सिंगला ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दिन सुबह सवा छह बजे शाही रोजा स्नान, सवा सात बजे ख्वाजा पीर की कडाई, साढे आठ बजे शाही चद्दर का स्वागत, सवा नौ बजे शाही चद्दर का चढाव किया जाएगा तथा रात्रि सवा सात बजे शुभ सालाना दीवान होगा। इस बीच भंडारा भी लगाया जाएगा। बाबा का भव्य दरबार पंजाब के मशहूर कलाकारों द्वारा सजाया जाएगा। समागम में बाबा बग्गा खान मलेरकोटला वाले विशेष रूप से शिरकत कर साध-संगत को निहाल करेंगे। इसके अलावा अन्य स्थानों से धार्मिक कलाकार पहुंचकर पीर बाबा का गुणगान करेंगे। सेवादार कुलदीप गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के बीच लक्की ड्रा भी निकाला जाएगा।

पेंशनधारी समय रहते आय विवरण अपडेट करवाएं : शिवप्रकाश

सादुलशहर। प्रगतिशील किसान शिवप्रकाश सहारण ने जिले के समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से अपील की है कि वे अपनी पेंशन के वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया को समय रहते पूर्ण करवाएं।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार पेंशन सत्यापन के लिए जन आधार कार्ड में परिवार की वार्षिक आय का विवरण अपडेट होना आवश्यक है। सहारण ने बताया कि वृद्धावस्था, विधवा, एकल नारी एवं दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने जन आधार कार्ड में दर्ज वार्षिक आय की स्थिति की जांच अवश्य कर लें। जिन पेंशनधारियों की पारिवारिक आय का विवरण जन आधार में अपडेट नहीं है, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आय प्रमाण पत्र बनवाकर विवरण अपडेट करवाना होगा। सभी पेंशनधारियों के लिए नए सिरे से आय प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि विभागीय प्रावधानों के अनुसार सामान्य पेंशनधारियों के लिए परिवार की अधिकतम वार्षिक आय 48 हजार रुपए तथा दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए 60 हजार रुपए निर्धारित की गई है। नई व्यवस्था के तहत पेंशन सत्यापन दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लाभार्थी के दस्तावेजों एवं जानकारी की जांच की जाएगी तथा दूसरे स्तर पर पंचायत समिति में संबंधित अधिकारियों द्वारा पुनः सत्यापन किया जाएगा। सहारण ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन जरूरतमंद, बुजुर्गों, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम है।

ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर किया मतदान, पंचायत समिति और जिला परिषद प्रत्याशियों के लिए हुआ 75 प्रतिशत से अधिक मतदान

पंचायत चुनाव: डायरेक्टरों का भविष्य ईवीएम में कैद

पदमपुर: लोकतंत्र का उत्साह, बारिश के बीच 75 प्रतिशत से अधिक मतदान

सीमा सन्देश # पदमपुर



पंचायती राज संस्थाओं के चौथे चरण के तहत शनिवार को पदमपुर पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

21 पंचायत समिति और 4 जिला परिषद जोन के लिए हुआ मतदान: पदमपुर पंचायत समिति के 21 जोन के सदस्यों और जिला परिषद के 4 जोन के लिए मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन के अनुसार मतदान के दौरान कहीं भी ईवीएम खराब होने या किसी प्रकार के विवाद की सूचना नहीं मिली। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए मैदान में उतरे 65 उम्मीदवारों का राजनीतिक भविष्य अब ईवीएम में कैद हो गया है।

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने पेश की मिसाल: लोकतंत्र के प्रति लोगों का उत्साह मतदान केंद्रों पर साफ नजर आया। कई बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांगजन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। कुछ बुजुर्गों ने परिजनों के सहारे तो कुछ ने व्हीलचेयर की मदद से मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी निभाई।

सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम: मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के साथ पुलिस जवान भी तैनात रहे। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र में मतदान व्यवस्था पर नजर रखी।

जीत के दावों में जुटे प्रत्याशी: पदमपुर क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से अधिक रहने की जानकारी सामने आई है। चुनाव मैदान में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है, हालांकि कई सीटों पर त्रिकोणीय और चौंकाने वाले मुकाबले की संभावना भी जताई जा रही है। मतदान समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों और ग्रामीणों की नजरें ईवीएम खुलने पर टिक गई हैं। वहीं भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपनी-अपनी जीत के दावे करने में जुट गई हैं।



संवेदनशील घोषित क्षेत्र रत्तेवाला में शांतिपूर्ण मतदान

रत्तेवाला। ग्राम पंचायत रत्तेवाला में शनिवार को पंचायत चुनाव के दौरान 74.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 3,809 मतदाताओं में से 2,833 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्षों से अति संवेदनशील घोषित इस पंचायत में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना है कि रत्तेवाला पंचायत में पिछले कई चुनावों से विधायक, सांसद, पंचायत समिति और सरपंच चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होते रहे हैं। इसके बावजूद पंचायत पर लगा अति संवेदनशील क्षेत्र का दर्जा अब तक नहीं हटाया गया है। ग्रामीण कई बार चुनाव आयोग, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इस श्रेणी को समाप्त करने की मांग कर चुके हैं। चुनाव के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जोनल मजिस्ट्रेट श्याम सुंदर खींची ने बताया कि उनके क्षेत्र की अन्य पंचायतों में भी शांतिपूर्ण मतदान हुआ। ग्राम पंचायत 4 बीबी में 2,079 मतदाताओं में से 1,445 ने मतदान किया, जिससे मतदान प्रतिशत 69.50 रहा। वहीं 5 केके बुट्टरा ग्राम पंचायत में 3,004 में से 2,360 मतदाताओं ने मतदान कर 78.56 प्रतिशत मतदान दर्ज कराया। सावंतसर ग्राम पंचायत में 3,170 में से 2,563 मतदाताओं ने वोट डाले और यहां 80.85 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था को संतोषजनक बताया।

चूनावढ़ : 76.02 प्रतिशत मतदान,

100 साल की सुरजीतकौर ने भी डाला वोट



चूनावढ़। श्रीगंगानगर उत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चूनावढ़ में शनिवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के दौरान बुजुर्ग मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। 100 वर्षीय सुरजीत कौर और 95 वर्षीय गोविन्द लाल सलूजा ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम पंचायत के चार मतदान केंद्रों पर कुल 3130 मतदाताओं ने वोट डाले। यहां कुल मतदान प्रतिशत 76.02 दर्ज किया गया। बूथ संख्या 26 पर 871, बूथ संख्या 27 पर 805, बूथ संख्या 28 पर 651 और बूथ संख्या 29 पर 803 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मतदान समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।





सादुलशहर क्षेत्र में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

सादुलशहर। पंचायत राज चुनाव अंतर्गत शनिवार को सादुलशहर ब्लाक अंतर्गत पंचायत समिति के 21 डायरेक्टर्स एवं जिला परिषद के पांच डायरेक्टर पदों के लिए शांतिपूर्ण मतदान हुआ। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के अनुसार, सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ। अपरान्ह तीन बजे तक 74.03 प्रतिशत रहा। कुल वोटर्स 110438 में से दोपहर तीन बजे तक 81459 मतदाताओं ने मतदान किया। दूसरी ओर कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें नजर आई, तो वहीं कुछ मतदान केंद्रों पर सिर्फ मतदाताओं की आवाजाही रही। स्काउट्स ने भी सराहनीय सेवाएं दीं। बुजुर्ग एवं निःशक्तजन वोटर्स को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए व्हील चेयर का सहारा लिया गया। खास बात यह रही कि इनको मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान करवाने के पश्चात बाहर परिजनों तक को सौंपने की सराहनीय भूमिका निभाई। एडिशनल एसपी रघुवीर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात रहा। सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि पुलिस कर्मियों के अलावा आरएसी एवं एटीएस का जाब्ता भी तैनात किया गया। चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए।



विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास की जानकारी

खालसा कॉलेज में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

सीमा सन्देश # अनूपगढ़



स्थानीय एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में जनजातीय गौरव दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपराओं एवं महान क्रांतिकारियों के योगदान से परिचित करवाना था। प्रभारी डॉ. सुमन देवी के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में सहायक आचार्य त्रिलोकाराम भाटी ने भगवान बिरसा मुंडा, उपप्राचार्य कमल दीप ने संत गोविंद गुरु एवं अभिषेक यादव ने वीर बालिका कालीबाई के संघर्ष, त्याग, बलिदान एवं सामाजिक योगदान व जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। कार्यालय प्रभारी केशव बंसल वीरो के चलचित्रों से सभी को अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ. प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, राष्ट्रीय एकता, सेवा भावना एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सहायक आचार्य सुनीता शर्मा, दीपिका सैनी, बलराम, एल.डी. सी. शिवराज सिंह, सहायक कर्मचारी गुड्डी देवी समस्त महाविद्यालय स्टाफ एन.एस.एस. स्वयं सेवक और नियमित विद्यार्थी मौजूद रहे।

पत्रकार सूदन के पुत्र का विवाह 26 को

श्रीगंगानगर। रायसिंहनगर के वरिष्ठ पत्रकार हरभजन सिंह सूदन के पुत्र जसविंदर पाल सिंह का शुभ विवाह गुरप्रीत कौर (सुपुत्री सरदारनी अमनदीप कौर एवं स. अमरजीत सिंह रैना, निवासी रायसिंहनगर) के साथ डायमंड रिसोर्ट फौजूवाला में 26 नवम्बर 2026 को होना तय हुआ है। यह जानकारी कनाडा निवासी स. कर्मजीत सिंह होठी ने दी।

भगतसिंह के विचारों को अपने जीवन में उतारने का लिया संकल्प

सीमा सन्देश # पदमपुर



एस एस आदर्श उच्च माध्यमिक व कॉन्वेंट स्कूल , मेरी हॉट पब्लिक स्कूल की और से 19 बीबी मे अध्यक्ष ओमप्रकाश कलिया , डायरेक्टर अशोक कुमार कलिया के पिता रामदयाल कलिया की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति जन जागृति शिविर का आयोजन किया गया। विक्रम ज्याणी ने विद्यार्थियों व युवाओं को नाटक मंचन के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ बेटियों को भी माता-पिता के संस्कारों अनुरूप सहयोगी बनने का संदेश प्रसारित किया। सैकड़ो विद्यार्थियों व अन्य व्यक्तियों से भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाटक के माध्यम से जीवन में कभी भी किसी प्रकार का नशा ना करने का और शहीद भगत सिंह के सर्वोच्च विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश कलिया व डायरेक्टर अशोक कुमार कलिया ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य भारतीय संस्कृति के अनुरूप राष्ट्रहित को सर्वोपरि रख विद्यार्थियों को बेहतर व्यवस्थाएं देना है। कार्यक्रम में दिल्ली में नेशनल स्तर पर आयोजित समारोह में पदमपुर के वरिष्ठ ज्योतिष संदीप शर्मा को ज्योतिष पुरस्कार से सम्मानित होने पर अतिथियों द्वारा समान किया गया। संस्था की ओर से वाहन चालकों को यूनिफॉर्म प्रदान की गई। राजस्थान रतन अवार्ड के लिए एस एस आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय चयनित होने पर ओम प्रकाश कलिया व अशोक कुमार कलिया को लोगों ने शुभकामनाएं दी। मंच संचालन सुभाष कड़ेला ने किया।

रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दी स्व. रामदयाल कलिया को श्रद्धांजलि



सीमा सन्देश# पदमपुर

एस एस आदर्श कान्वेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल 19 बीबी संस्था के संस्थापक स्वः रामदयाल कलिया की तीसरी पुण्यतिथि पर सौ से अधिक रक्तदान दाताओं ने रक्तदान कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदाताओं ने कहा कि उनके खून का एक-एक कतरा यदि किसी जरूरत व्यक्ति के जीवन खुशियां ला सके तो इसे सर्वोपरि रखते हुए बार-बार रक्तदान करने को हमेशा तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में महंत गोपी राम बगड़िया चनना धाम , रामचंद्र शास्त्री एवं नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, भाजपा नेता दीनानाथ बलाना, अमित बलाना, वरिष्ठ शिक्षाविद महेंद्र प्रताप सीकर, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपी राम बिश्नोई चिरंजी कालड़ा, संदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों द्वारा रक्तदान दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश कलिया,डायरेक्टर अशोक कुमार कलिया, प्रिंसिपल हैप्पी प्रकाश कलिया, अश्वनी कलिया के नेतृत्व में आभार व्यक्त किया। इससे पहले रामदयाराम कलिया की प्रतिमा पर अतिथियों व प्रतिष्ठ व्यक्तियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा की रामदयाल कलिया का संपूर्ण जीवन संघर्ष पूर्ण रहा। इसके बाद भी उन्होंने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर इस मुकाम पर पहुंचाया कि आज शिक्षा जगत के साथ सामाजिक क्षेत्र में इनकी पहचान नेशनल सत्र पर बनी हुई है। पिता की प्रेरणा से शिक्षा के साथ अन्य सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देते हैं ताकि उनके आदर्श जीवन के निमित्त किए गए जाने वाले कार्य अन्य लोगों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बन जाए। ओमप्रकाश कलिया व अशोक कुमार कलिया ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई महान कार्य नहीं है, निश्चय रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन में खुशियों की सौगात लाने में सहायक साबित होगा। कलिया बन्धुओं ने कहा कि आज रक्तदान करने वाले युवाओं की क्रांति शिविरों के दोरान देखी जाती है। जहां बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान कर अन्य व्यक्तियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं।

शिवपुरी में 18.18 मीटर थ्रो के साथ बढ़ाया श्रीगंगानगर का मान, बीडीआईएस विद्यालय में जश्न का माहौल

राष्ट्रीय गोला फेंक प्रति. में अनुराग ज्याणी ने जीता रजत पदक

सीमा सन्देश # पदमपुर



जिले के लिए गर्व का क्षण तब आया जब बीडीआईएस, पदमपुर के होनहार खिलाड़ी अनुराग ज्याणी ने मध्यप्रदेश के शिवपुरी में आयोजित राष्ट्रीय गोला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। अनुराग ने 18.18 मीटर गोला फेंककर यह उपलब्धि हासिल की और पदमपुर सहित पूरे श्रीगंगानगर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

कड़े मुकाबले में हासिल की सफलता: देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में अनुराग ने अपनी मेहनत, तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी यह उपलब्धि जिले के खेल इतिहास में गोला फेंक स्पर्धा की महत्वपूर्ण सफलताओं में शामिल मानी जा रही है।

युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत: विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अनुराग की सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है और यह साबित करती है कि प्रतिभा को उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलें तो राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।

विद्यालय में मनाया गया उत्सव : अनुराग की सफलता पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर मुकेश जाखड़ और बेगराज जाखड़ ने अनुराग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास जताया कि वह आने वाले समय में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। विद्यालय पहले भी हॉकी में राजस्थान स्तर पर चैंपियन रह चुका है और भविष्य में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखेगा। बलजिंदर सिंह रमाना, पूनम बादलानी, प्रेमकुमार जाखड़, धीरज जाखड़, दीनदयाल सोखल, सूर्यसिलु, अनिल गोदारा, लखविंदर सिंह मान, मनीष जाखड़ सहित अनेक लोगों ने अनुराग को शुभकामनाएं दीं।

शोक सन्देश



बड़े दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया

श्रीमती परमेश्वरी देवी

(धर्मपत्नी अमीचंद जी घोड़ेला)

का निधन दिनांक 10 नवम्बर 2026को हो गया। उनकी आत्मिक शांति हेतु मेल 19 नवम्बर 2026, वार गुरुवार एवं स्वर्ग 20 नवम्बर 2026, वार शुक्रवार को निवास स्थान गांव कीकरवाली में होगा।

शोकाकुल परिवार : धनराज घोड़ेला, कृष्णलाल घोड़ेला, रजीराम घोड़ेला, शंकरलाल घोड़ेला, हंसराज घोड़ेला, भजनलाल घोड़ेला (देवर), दुलीचन्द घोड़ेला, भूराराम घोड़ेला (पुत्र), खेमकरण घोड़ेला, योगेश घोड़ेला, माधव घोड़ेला (पौत्र), महावीर घोड़ेला, रवि घोड़ेला, महेंद्र घोड़ेला, राकेश घोड़ेला, सोनू घोड़ेला, कांशीराम घोड़ेला, राजेश घोड़ेला, चंद्रपाल घोड़ेला, विक्रम घोड़ेला, जितेन्द्र घोड़ेला, सुनील घोड़ेला, नरेश घोड़ेला एवं समस्त घोड़ेला परिवार। नोट : ओठावणी प्रथा बन्द है।

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

शोक सन्देश

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय

सरदार जगरूप सिंह बराड़

(सुपुत्र स्व. सरदार कपूर सिंह बराड़)

का निधन 8 नवंबर 2026 वार रविवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए पाठ का भोग व अंतिम अरदास दिनांक 17 नवंबर 2026 वार मंगलवार को हमारे निवास स्थान गांव शोभा सिंह वाली ढाणी में गुरुद्वारा साहब में दोपहर 12:45 पर होगी।

शोकाकुल परिवार : सरदार कुलविंदर सिंह बराड़-पवनदीप कौर (पुत्र-पुत्रवधू), स्व. संपूर्ण सिंह बराड़, स्व. हरबंस सिंह बराड़, सरदार मेजर सिंह बराड़ (सभी भाई), हरविंदर कौर-सरदार रोशन सिंह हैयर, राजवीर कौर-स्व. सरदार राजविंदर सिंह सेखों, जिद्रपाल कौर-सरदार तेजेंद्र सिंह ढिल्लों (पुत्री-दामाद), मनजोत सिंह बराड़, तनवीर सिंह बराड़ (पौत्र) एवं समस्त बराड़ परिवार गांव शोभासिंह वाली ढाणी। नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजें जाएंगे।

शोक सन्देश

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

बड़े दुखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है हमारे पूजनीय

सरदार गुरमेल सिंह सोही

सुपुत्र स्व. सरदार मलकीत सिंह सोही

निवासी 19 जीजी का निधन 9 नवंबर 2026 वार सोमवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए सहजपाठ का भोग व अंतिम अरदास दिनांक 18 नवंबर 2026 वार बुधवार को पदमपुर रोड पर 5 ए गुरुद्वारा साहिब में दोपहर 12:45 पर होगी।

शोकाकुल परिवार : सरदारनी सुरेंद्र कौर (धर्मपत्नी), भूपेंद्र सिंह सोही (इंग्लैंड)-किरनजीत कौर (पुत्र- पुत्रवधू), हिम्मत सिंह सोही, भगवंत सिंह सोही, सूमित्र सिंह सोही, पुरुषोत्तम सिंह सोही (भाई) एवं समस्त सोही परिवार व सगे संबंधी एवं मित्रगण।
नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजें जाएंगे

सीमा सन्देश
रविवारीय परिवार
पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।

मोबाइल खाना छोड़

एक समय था जब बच्चों को दादा-दादी की कहानी सुनने में बड़ा मजा आता था और आज हाल यह है कि फोन की स्क्रीन देखे बिना उनका मनोरंजन ही अधूरा है। आजकल कई बच्चे बिना फोन देखे खाना ही नहीं खा रहे हैं, ऐसे में पेरेंट्स के सामने यह बड़ी चिंता है कि कैसे उनकी यह बुरी आदत से पीछा छुड़ाया जाए। आइए आपको ऐसे कुछ टिप्स बताते हैं जिन्हें फॉलो करके आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

कहानी सुनाने का सिलसिला फिर से शुरू करें

जिस तरह पहले के समय में दादी-नानी की कहानियां सुनकर हम बड़े हुए, उस सिलसिले को फिर से शुरू करें। इस बात का ध्यान रखें कि बच्चों को उनके जमाने की रोचक कहानी सुनाएं, जिससे सारा फोकस धीरे-धीरे करके फोन की स्क्रीन से हटकर स्टोरीज सुनने पर आ जाए। यह तरीका सबसे आसान और असरदार साबित हो सकता है।

परिवार के साथ बैठकर खाएं

बच्चों का अकेले खाना स्क्रीन देखने की सबसे बड़ी वजह है, इससे बचने के लिए आप परिवार के साथ खाने की आदत डालें। इस दौरान आपस में बातचीत और हंसी-मजाक उन्हें फोन की याद ही नहीं आने देंगे।

खुद भी फोन इस्तेमाल न करें

बच्चे बड़ों का अनुसरण करते हैं और हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते। अगर पेरेंट्स ज्यादातर समय फोन में बिताते हैं, तो बच्चा भी उनकी इसी आदत को दोहराएगा। इसके लिए पूरे परिवार का एक नियम बना दें कि खाने के वक्त कोई फोन नहीं इस्तेमाल करेगा।

कोई आकर्षक खिलौना सामने रखें

बच्चे का सबसे पसंदीदा खिलौना या कोई नया रंग-बिरंगा खिलौना जो उन्हें पसंद हो, उनके सामने रख दें। टॉय को रखकर ऐसा महसूस कराएं कि वह भी बच्चे के साथ बराबर खाना खा रहा है।

तेज भूख लगने दें

बच्चा अगर भूखा नहीं होगा, तो खाने में सबसे ज्यादा आनाकानी करता है। इस बात का ध्यान रखें कि डिनर या लंच से पहले उसने बाहर का कोई पैकेट फूड न खाया हो, ताकि तेज भूख में खाने के आगे उसे कुछ दिखाई न दे।

खाने को अट्रैक्टिव बनाएं

रोटियां बनाते समय उन्हें अलग-अलग आकार दें, कभी स्माइली, कभी स्टार, कभी टेडी बेयर। इसके अलावा, रंग-बिरंगी सब्जियां और फल काटकर उसे थाली में इस तरह सजाएं कि वो आकर्षक लगे।

हटाओ तो देते हैं बच्चे?

पल्लेदारी करने वाले पिता ने जमीन बेचकर बेटों को पढ़ाया, अब एक बनेगा डॉक्टर तो दूसरा इंजीनियर

आर्थिक तंगी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ संकल्प से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। बिहार के गयाजी निवासी पल्लेदार मनोज कुमार और गृहिणी वेशमी देवी के दो बेटों ने इस बात को सच कर दिखाया है। एक बेटे का चयन मेडिकल कॉलेज में हुआ है, जबकि दूसरा इंजीनियरिंग करेगा।



दोनों बेटों ने रचा इतिहास

मंडी में मजदूरी करने वाले मनोज कुमार के बेटे सोनू राज ने पहले ही प्रयास में नीट-2026 में 636 अंक प्राप्त किए हैं। उनका चयन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान (AIIMS CAPFIMS) छतरपुर, दिल्ली में हुआ है। सोनू 12वीं के साथ कोटा तैयारी करने आए थे। उनके 10वीं में 95 और 12वीं में 88 फीसदी अंक थे। वहीं, बड़े भाई मोनू राज ने जेईई मेन में 93 पर्सेन्टाइल स्कोर कर रांची स्थित गवर्नमेंट पंडेड टेक्निकल इंस्टीट्यूट बीआईटी मेसरा की केमिकल ब्रांच में प्रवेश लिया है। मोनू ने 10वीं में 96 और 12वीं में 84.5 प्रतिशत अंक हासिल किए थे तथा एक साल ड्रॉप लेकर कोटा आए थे।

जमीन बेचकर चुकाई फीस

पिता मनोज कुमार गयाजी की अनाज मंडी में पल्लेदारी व कमीशन पर अनाज बिकवाने के साथ खाली समय में मनरेगा में मजदूरी भी करते हैं। उनके पास दो जमीनें थीं, जिनसे परिवार का भरण-पोषण होता था। बेटों की पढ़ाई की व्यवस्था करने के लिए उन्होंने अपनी एक जमीन बेच दी। कोटा के निजी कोचिंग संस्थान ने भी उन्हें फीस में 60 फीसदी तक रियायत दी।

बीमारी से लड़कर पाई सफलता

पढ़ाई के दौरान मोनू को टाइफाइड, पीलिया और तीन महीने तक लगातार बुखार जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा, फिर भी उन्होंने नियमित कक्षाएं जारी रखीं। दोनों भाइयों ने दो साल कोटा में साथ रहकर तैयारी की। उनका छोटा भाई पवन राज अभी सातवीं कक्षा में है। निजी कोचिंग संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की मदद करना प्राथमिकता है। दोनों बेटों की सफलता से परिवार में छठ पर्व की खुशियां दोगुनी हो गई हैं।

रोजाना की सब्जी में लगाना है चटपटेपन का तड़का, तो ट्राई करें मसालों से भरपूर सोया रोस्ट की यह आसान रेसिपी

शाकाहारी भोजन में पनीर और सोयाबीन प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। यदि आप सोयाबीन को चटपटे और मसालेदार अंदाज में बनाना चाहते हैं, तो सोया रोस्ट बेहतरीन विकल्प है।

सामग्री: 2 कप सोया चंक्स, 1 छोटा चम्मच नमक (उबालने के लिए), 2 बड़े चम्मच तेल, 1 बारीक कटी प्याज, 2 कटी शिमला मिर्च, 1 इंच कद्दूकस अदरक, 5-6 लहसुन की कलियां, 1 बारीक कटा टमाटर, 1/2 चम्मच हल्दी, 1/4 चम्मच लाल मिर्च, 2 चम्मच हरा धनिया और स्वादानुसार नमक।

मसाले के लिए: 1-1 छोटा चम्मच जीरा, धनिया बीज, काली मिर्च व सौंफ, 1 इंच दालचीनी, 1 तेज पत्ता, 2-3 इलायची, 3-4 लौंग और 5-6 सूखी लाल मिर्च।

विधि: 2 कप सोया चंक्स को उबलते पानी में 1 छोटा चम्मच नमक डालकर उबालें। फिर अच्छे से निचोड़ लें। पैन में सभी मसाले (जीरा, धनिया, काली मिर्च, सौंफ, दालचीनी, तेज पत्ता, इलायची, लौंग व सूखी लाल मिर्च) डालकर खुशबू आने तक भूनें। ठंडा होने पर मिक्सी में पीस लें। इसके बाद पैन में 2 बड़े चम्मच तेल गर्म कर लहसुन, अदरक और प्याज भूनें, फिर टमाटर डालकर पकाएं। अब पिसा मसाला, हल्दी, लाल मिर्च और नमक डालकर 5-6 मिनट धीमी आंच पर भूनें। फिर शिमला मिर्च और सोया चंक्स डालें। जरूरत अनुसार पानी मिलाकर 5 मिनट ढककर मध्यम आंच पर पकाएं। अंत में हरा धनिया डालकर रोटी के साथ परोसें।



पुराने स्वेटर-शॉल से घर को दें विंटर मेकओवर, बिना खर्च बनाएं ये खूबसूरत चीजें



सर्दियां शुरू होते ही पुराने स्वेटर और शॉल अलमारी में जगह घेरते हैं। इन्हें फेंकने के बजाय आप घर की सजावट की उपयोगी चीजें बना सकते हैं:

गमले का कवर: गमले के नाप का ऊनी कपड़ा काटकर बड़े बटन या स्टोन लगाएं बालकनी के गमलों को विंटर लुक दें।

मग होल्डर: चाय-कॉफी के कप को ऐस्थेटिक लुक देने और हाथ जलने से बचाने के लिए वूलन मग होल्डर बनाएं।

पालतू जानवरों का बिस्तर: पुराने स्वेटर की लेयर बनाकर या रुई-कतरन भरकर पालतू कुत्ते या बिल्ली के लिए मुलायम गर्म बिस्तर तैयार करें।

कुशन कवर: रंग-बिरंगे ऊनी कपड़ों को जोड़कर और जिप या बटन लगाकर ड्रॉइंग रूम के कुशन कवर सिलें।

फैंसी दस्ताने व टोपी: स्ट्रेचेबल स्वेटर की बाजू काटकर बच्चों व बड़ों के लिए गर्म दस्ताने, जुराब या टोपी बनाएं।

सिर्फ बुजुर्गों की नहीं, अब युवाओं की भी बीमारी है डायबिटीज; भूलकर भी इग्नोर न करें ये वॉर्निंग साइन

डायबिटीज सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रही है। अब 20-30 साल के युवाओं में भी ये बीमारी तेजी से डायग्नोस हो रही है। टाइप-2 डायबिटीज की शुरूआत धीरे-धीरे होती है, शुरूआत में लक्षण बहुत कम नजर आते हैं। समय रहते इन संकेतों को पहचानकर ब्लड शुगर टेस्ट करवा लिया जाए, तो बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है।



धुंधला दिखना या बार-बार इन्फेक्शन होना

हाई ब्लड शुगर आंखों में फ्लूइड के स्तर को बदल सकता है, जिससे कुछ समय के लिए नजर धुंधली हो सकती है। इसके अलावा, कुछ लोगों को बार-बार यूरिनरी या फंगल इन्फेक्शन की समस्या होती है। अगर ऐसा बिना किसी कारण बार-बार हो, तो ब्लड शुगर जांच जरूर करवानी चाहिए।

बार-बार पेशाब आना

अगर आप नॉर्मल से ज्यादा वॉशरूम जा रहे हैं या रात में कई बार उठना पड़ रहा है, तो ये हाई ब्लड शुगर का संकेत हो सकता है। खून में शुगर की मात्रा बढ़ने पर किडनी इसे यूरिन के जरिए बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसके कारण पेशाब ज्यादा आता है।

ज्यादा प्यास और भूख लगना

ब्लड शुगर बढ़ने पर भरपूर मात्रा में पानी पीने के बाद भी आपको प्यास लग सकती है। इसके अलावा, कुछ लोगों को खाने के तुरंत बाद भूख महसूस होने लगती है। ऐसा तब होता है, जब शरीर एनर्जी बनाने के लिए शुगर का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता।

बिना किसी वजह के वजन कम होना

अगर आपका वजन बिना किसी डाइट या एक्सरसाइज में बदलाव के अचानक कम होने लगा है, तो इसे नजरअंदाज न करें। जब शरीर एनर्जी के लिए शुगर का इस्तेमाल नहीं कर पाता, तो वह फैट और मसल्स को बर्न करना शुरू कर देता है, जिससे वजन घटने लगता है।

लगातार थकान महसूस होना

थकान कई कारणों से हो सकता है, लेकिन पूरी नेंद और रोजमर्रा के मामूली काम करने के बाद भी अगर आप बहुत ज्यादा थकान महसूस करते हैं, तो ये हाई ब्लड शुगर के कारण हो सकता है। शुगर हाई होने पर शरीर के सेल्स इसका ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाते, जिससे एनर्जी कम होने लगती है।

लक्षणों के गंभीर होने का इंतजार न करें

कई लोगों में टाइप-2 डायबिटीज के लक्षण काफी हल्के होते हैं या बिल्कुल दिखाई नहीं देते। इसका पता सिर्फ रुटीन चेकअप के दौरान ही चलता है। इसलिए सिर्फ लक्षणों के आधार पर तय नहीं किया जा सकता कि आपको डायबिटीज है या नहीं।

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

गलवान झड़प के बाद बॉर्डर पर सैन्य तैनाती बढ़ी: 10 साल में सड़कें-टनल और एयरफील्ड बनाए; पहले बॉर्डर पर ध्यान नहीं दिया गया
- जयशंकर

न्यूज इन ब्रीफ

दो बसों की भिड़ंत में 4 श्रद्धालुओं की मौत

तरनतारन। पंजाब के तरनतारन जिले में शनिवार शाम एनएच-54 पर नौशहरा के पास तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। दोनों बसों में करीब 37 यात्री सवार थे और वे पंजाब सरकार की तीर्थ यात्रा योजना के तहत अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब में दर्शन कर लौट रहे थे।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सामने आए बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में एक बस चालक का संतुलन बिगड़ गया। बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय लोग और राहत दल मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोदाम में आग, लाखों का कपड़ा खाक

सूरत। गुजरात के सूरत के खरवासा क्षेत्र स्थित एक कपड़ा गोदाम में शनिवार को भीषण आग लग गई। कपड़े के वेस्टेज में लगी आग तेजी से फैलने से पूरे क्षेत्र में धुएं का गुबार छा गया। दमकल की नौ गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पाया। हादसे में लाखों रुपये का माल जल गया। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस और प्रशासन राहत कार्य में जुटे हैं।

जंगल में मशीनरी व उपकरण बरामद

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डुंगा और रेकावाया के जंगलों में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने ड्रिल मशीन, वेल्डिंग मशीन, कटर, ग्राइंडर, ब्लोअर सहित बड़ी मात्रा में तकनीकी उपकरण और सामग्री बरामद की। पुलिस के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

जालंधर; नशा तस्कर की इमारत ध्वस्त

जालंधर। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने कपूरथला रोड स्थित अड्डा बस्ती बावा खेल में एक इमारत को ध्वस्त कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह संपत्ति कथित तौर पर नशे की कमाई से बनाई गई थी और संबंधित अधिकारियों ने इसे पहले ही सील कर दिया था। यह संपत्ति बस्ती पीरदाद की बाजवा कॉलोनी निवासी अमनदीप सिंह उर्फ आनंद की है। उसके खिलाफ नशा तस्करी और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। आरोपी कपूरथला की जेल में बंद है।

नई दिल्ली; कैमरों ने खोला लुटेरों का राज

नई दिल्ली। किदवई नगर में युवक के गले से 40 ग्राम सोने की दो चेन झपटने के मामले में बाबूपुरवा पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर डेढ़ लाख रुपये मूल्य की चेन के तीन टुकड़े बरामद किए हैं। पुलिस ने चार टीमों के साथ 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी साहिल फरार है।

अलवर में जिला स्तरीय बैठक में शिक्षा गुणवत्ता, टीबी उन्मूलन और नशा मुक्ति अभियान को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

डिग्री नहीं, विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता बढ़ाना शिक्षा का लक्ष्य हो : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

अलवर।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना या परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, सोचने की शक्ति और विवेक का विकास करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए पहली कक्षा से ही बच्चों में सवाल पूछने, जिज्ञासा रखने और स्वयं सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने की जरूरत है।

मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में राज्यपाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल परीक्षा केंद्रित शिक्षा



तक सीमित न रखें। ऐसा वातावरण तैयार किया जाए, जहां विद्यार्थी खुलकर प्रश्न पूछ सकें और नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करें, ताकि वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं और चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

नीट-जेईई परिणामों का दिया उदाहरण

राज्यपाल ने अलवर जिले में शिक्षा की स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि 12वीं कक्षा में करीब 28 हजार विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, लेकिन नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल 18 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 14 सफल हुए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बताती है कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने के बजाय उनकी प्रतिभा और बौद्धिक विकास पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

टीबी मुक्त और नशा मुक्त अलवर पर जोर

राज्यपाल बागडे ने अलवर को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाकर टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाएं। नशा मुक्ति अभियान पर उन्होंने कहा कि केवल नशा करने वालों को जागरूक करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अवैध नशे के कारोबार और घरों में शराब बनाने जैसी गतिविधियों पर भी प्रभावी रोक लगानी होगी।

अधिकारियों को दिए व्यापक दिशा-निर्देश

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के दौरे के दौरान वे शिक्षा, टीबी उन्मूलन और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर लगातार अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं। बैठक में कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद राज्यपाल हेरिकॉन-2026 के तीसरे संस्करण में भी शामिल हुए।

बुजुर्गों, मरीजों के लिए बढ़ी चिंता, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

गंगानगर में फिर खतरनाक स्तर पर बिगड़ी हवा की सेहत, एक्यूआई 402 पर पहुंचा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर में पर्यावरण और आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ी एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। पिछले कुछ दिनों की आंशिक राहत के बाद अब शहर में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। शनिवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) उछलकर 402 के खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया है। हवा की गुणवत्ता में आई इस अचानक गिरावट से शहर की आबोहवा एक बार फिर जहरीली हो गई है, जिससे आम नागरिकों का खुली हवा में सांस लेना दूभर होने लगा है। बीते दिनों प्रदूषण के ग्राफ में जो हल्की गिरावट देखने को मिली थी, वह अब पूरी तरह बेअसर होती नजर आ रही है और प्रदूषण का स्तर एक बार फिर 402 के पार जा पहुंचा है।





साफ हवा का सवाल

एक्यूआई	श्रेणी	सेहत पर तत्काल असर और प्रभाव
0-50	अच्छा	हवा पूरी तरह साफ है। बाहर घूमने या एक्सरसाइज करने के लिए सबसे सुरक्षित समय।
51-100	संतोष जनक	हवा ठीक है। बेहद संवेदनशील लोगों को मामूली सांस की तकलीफ हो सकती है।
101-200	मध्यम	अस्थमा, फेफड़े और दिल के मरीजों को सांस लेने में थोड़ी तकलीफ शुरू।
201-300	खराब	आम लोगों को भी लंबे समय तक बाहर रहने पर सांस की समस्या और बेचैनी हो सकती है।
301-400	बहुत खराब	स्वस्थ लोगों को भी फेफड़ों में भारीपन और सांस की बीमारी हो सकती है। काफी चिंताजनक स्तर है।
401-500+	गंभीर	हेल्थ इमरजेंसी! यह हवा स्वस्थ इंसानों को बीमार व बीमारियों को गंभीर रूप से लाचार बना देती है।

स्वास्थ्य विभाग आया अलर्ट मोड पर

वायु प्रदूषण के इस बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क हो गया है। विभाग ने आमजन, विशेष रूप से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और अस्थमा या सांस संबंधी पुरानी बीमारियों से पीड़ित रोगियों के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी करते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय रोगियों के लिए यह प्रदूषित हवा किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने सुझाव दिया है कि संवेदनशील वर्ग के लोग सुबह और देर शाम के समय घर से बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इस दौरान प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक रहता है। साथ ही, बाहर निकलते समय अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की हिदायत दी गई है।

प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आगामी कार्रवाई

लगातार उतार-चढ़ाव भरे इस प्रदूषण स्तर ने श्रीगंगानगर के निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि शहर में उड़ने वाली धूल, वाहनों के धुएं और आसपास के क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण की आवश्यकता है। अब आमजन की निगाहें जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं, ताकि हवा की गुणवत्ता को जल्द से जल्द सामान्य स्तर पर लाया जा सके।

400 से अधिक वायु का गुणवत्ता सूचकांक स्वास्थ्य के लिए घातक

पर्यावरण और चिकित्सा विशेषज्ञों के मानकों के अनुसार, 400 से अधिक का वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में आता है और इसे मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक माना जाता है। श्रीगंगानगर में एक्यूआई के 400 तक पहुंचने का सीधा अर्थ है कि वातावरण में धूल और धुएं के सूक्ष्म कणों (PM2.5 और PM10) की मात्रा काफी अधिक बढ़ गई है। इन विषैले कणों की मौजूदगी के कारण आम लोगों को भी आंखों में जलन, गले में खराश, सिरदर्द और थकान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में हो रहे बदलाव और हवा की धीमी गति के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में ही ठहरे हुए हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो रही है।



रामसिंहपुर रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आज कोर्ट में पेश किए जाएंगे आरोपित



सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर।

रामसिंहपुर क्षेत्र में 50 जीबी के पास रेलवे ट्रैक पर हुए संदिग्ध विस्फोट (ब्लास्ट) के मामले में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। श्रीगंगानगर पुलिस के इनपुट और विभिन्न जांच एजेंसियों के आपसी सहयोग से इस सनसनीखेज वारदात में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इनके तीन अन्य सहयोगियों को भी डिटेन किया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पकड़े गए आरोपितों में एक महिला और एक पुरूष शामिल है। आरोपितों की पहचान देवेंद्र सिंह और महक दीप कौर के रूप में हुई है। दोनों को पंजाब के गुरदासपुर से पकड़ा गया है। वारदात में शामिल तीन अन्य सहयोगी भी डिटेन किये हैं। सभी आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

मामले का अनुसंधान आईपीएस नितिन चौधरी के नेतृत्व में जारी है जबकि बीकानेर आईजी ओमप्रकाश और एसपी हरिशंकर खुद आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ में बड़े खुलासे होने की संभावना है। इस मामले में और खुलासे के लिए एडीजीपी दिनेश एमएन रविवार दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करेंगे।

200 मीटर तक सुनाई दिया धमाका

रामसिंहपुर क्षेत्र के गांव 50 जीबी के पास 3 नवम्बर की रात अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर रात करीब 9:45 मिनट बाद एक जोरदार धमाका हुआ। गनिमत रही है कि ब्लास्ट से करीब 45 मिनट पर इस ट्रैक से सवारी गाड़ी गुजरी थी। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि रेलवे ट्रैक के नीचे लगे सीमेंट के दो स्लीपर पूरी तरह टूट गए और पटरियों के बीच करीब दो फीट गहरा गड्ढा बन गया।

धमाके की आवाज घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर स्थित ढाणियों और आसपास के गांवों तक सुनाई दी थी। इसके बाद एहतियात के तौर 8 गाड़ियों को रद्द किया गया था।

वहीं वारदात के बाद एडीजी बीजू जॉर्ज जोसेफ, आईजी विजिलेंस राजेंद्र, पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलम चौधरी, एटीएस के एएसपी सुरेंद्र कुमार दादरवाल, सीआईडी के अधिकारियों सहित रेलवे के अधिकारियों ने भी मौका मुआयना किया। मामले में पुलिस टीमों ने घटना से पहले और बाद की गतिविधियों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाके के 100 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की थी। सूत्रों के अनुसार एजेन्सियों से मिले इनपुट के आधार पर दोनों आरोपितो को गिरफ्तार किया गया है। यह ब्लास्ट किस मकसद से किया गया और इसमें कौन कौन लिप्त है इसकी जांच जारी है।

चारदीवारी करवाने-नियमित सफाई रखने के निर्देश, लापरवाही पर पालिका खुद करवाएगी सफाई

खाली भूखंडों में गंदगी फैलाने वालों पर शिकंजा, मालिकों को नोटिस

सीमा सन्देश # नोहर।

शहर में खाली पड़े भूखंडों में कूड़ा-कचरा जमा होने और गंदगी फैलने की समस्या पर नगर पालिका प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। लंबे समय से खाली भूखंडों में सफाई न होने से आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। कचरे के ढेर से जीव-जंतुओं के पनपने की आशंका रहती है। इस समस्या को देखते हुए सैकड़ों भूखंड मालिकों को नोटिस जारी कर चारदीवारी करवाने और नियमित सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गिरिराज रतनु ने बताया कि खाली भूखंडों की



स्थिति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। मालिकों द्वारा गंभीरता न दिखाने पर पालिका स्वयं सफाई करवा रही है। इसी के तहत शुक्रवार को सेक्टर पांच स्थित एक खाली भूखंड में सफाई करवाई गई। साथ ही, संबंधित मालिक को नोटिस देकर नियमित सफाई और चारदीवारी के निर्देश दिए गए।

अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भूखंड मालिकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने भूखंड को साफ रखें ताकि कोई वहां कचरा न डाले। यह अभियान नियमित जारी रहेगा। निर्देशों की पालना न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि पालिका को स्वयं सफाई करवानी पड़ी, तो उस पर होने वाला खर्च भी संबंधित भूखंड मालिक से ही वसूला जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को गंदगी से राहत दिलाना और शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना है।

हनुमानगढ़ ने पहली बार जीता जूनियर बॉल बैडमिंटन खिताब



सीमा सन्देश # पल्लू।

राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में श्रीगंगानगर जिले के नरसिंहपुरा मांझूवास में आयोजित जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ जिले की टीम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में हनुमानगढ़ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्यावर की टीम को सीधे 2-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। हनुमानगढ़ जिले के खेल इतिहास में यह पहला अवसर है, जब जिले की टीम ने जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता का खिताब हासिल किया है। टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का परिचय दिया। वहीं महिला वर्ग में भी हनुमानगढ़ जिले की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में मिली इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक सफलता पर हनुमानगढ़ जिला बॉल बैडमिंटन संघ के जिला सचिव देवकीनंदन जोशी पल्लू ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और सामूहिक टीम भावना का परिणाम है। हनुमानगढ़ जिले के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है। खिलाड़ियों की इस सफलता से जिले में बॉल बैडमिंटन खेल को नई पहचान और प्रोत्साहन मिलेगा।

राजनीति भजनलाल सरकार के तीन साल के जश्न पर पीसीसी अध्यक्ष का तंज : सीएम ने पूरी बीजेपी को ही निपटा दिया

बेटे-बहू की बात आए तो भाजपा नेता मस्जिद में भी जाएंगे, कलमा भी पढ़ेंगे : गोविंद डोटासरा

जयपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भजनलाल सरकार के तीन साल के कार्यकाल के जश्न पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस बात का जश्न मनाना चाहिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरी भाजपा को ही निपटा दिया। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए डोटासरा ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ के कलमा पढ़ने को लेकर डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता बाहर सनातन और मुस्लिमों को टिकट नहीं देने की बात करते हैं, लेकिन जब अपने बेटे और बहू की बात आती है तो मस्जिद भी जाते हैं, कलमा भी पढ़ते हैं और ईद पर गले भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में राजेंद्र राठौड़ की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि पुरानी किताबों को कौन पढ़ेगा, नई किताब बाजार में आ चुकी है।

सरकार पर प्रशासनिक नियंत्रण खोने का आरोप

डोटासरा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में मंत्री की बात अधिकारी तक नहीं सुन रहे हैं। सचिवालय में कामकाज ठप है और



नौकरशाही या तो भ्रष्टाचार में लिप्त है या फिर भय के माहौल में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल भाषणों के जरिए जनता को भ्रमित कर रहे हैं, जबकि बेरोजगार, किसान और आम लोग परेशान हैं। जयपुर में अपराध और गैंगस्टरों की गतिविधियों को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा।

भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठाए सवाल

शिखर अग्रवाल मामले का उल्लेख करते हुए डोटासरा ने मुख्यमंत्री से जवाब मांगते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से फाइल किस आधार पर चली और इसमें किन लोगों को लाभ मिला, इसकी जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। उन्होंने प्रसूताओं की मौत से जुड़ी रिपोर्ट को सरकार के कुशासन का प्रमाण बताया और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के कारण लोग इलाज के लिए जाते हैं और दुःखद स्थिति में लौटते हैं।

वोट रक्षक ऐप से मतदाता सूची पर निगरानी का दावा

डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने वोट रक्षक ऐप शुरू किया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए नामों की जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए मतदाताओं के नाम हटवा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस ने बूथ स्तर पर निगरानी बढ़ा दी है और करीब 61 हजार बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528